This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

वीरवार, 10 फरवरी, 2022 / 21 माघ, 1943

हिमाचल प्रदेश सरकार

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 7 फरवरी, 2022

संख्या एल.एल.आर.–डी.(6)–8 / 2021–लेज.–हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 (2021 का विधेयक संख्यांक 12) को दिनांक 05–02–2022 को अनुमोदित कर दिया है तथा अनुच्छेद

348 के खण्ड (3) के अधीन विधेयक के अंग्रेजी पाठ को राजपत्र हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है। अतः उपरोक्त विधेयक को वर्ष 2022 के अधिनियम संख्यांक 4 के रूप में अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किया जाता है।

आदेश द्वारा,
राजीव भारद्वाज,
प्रधान सचिव (विधि)।

———————

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2021

धाराओं का क्रम

धारा :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ।

2. धारा 7 का संशोधन।

2022 का अधिनियम संख्यांक 4

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2021

(माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा तारीख 5 फरवरी, 2022 को यथाअनुमोदित)

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, अधिनियम, 1970 (1970 का अधिनियम संख्यांक 17) का और संशोधन करने के लिए अधिनियम।

भारत गणराज्य के बहत्तरवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2021 है।

(2) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा जो राज्य सरकार राजपत्र (ई–गज़ट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा नियत करे।

2. धारा 7 का संशोधन.––हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1970 की धारा 7 की उपधारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

''(1) इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अन्यथा उपबंधित के सिवाय, विश्वविद्यालय को प्रदत्त शक्तियां राज्य सरकार द्वारा यथा अधिसूचित क्षेत्रों में प्रयोक्तव्य होंगी।"।

————————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

THE HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY (AMENDMENT) ACT, 2021

ARRANGEMENT OF SECTIONS

Sections:

1. Short title and commencement.
2. Amendment of section 7.

Act No. 4 of 2022

THE HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY (AMENDMENT) ACT, 2021

(AS ASSENTED TO BY THE GOVERNOR ON DATED 5TH FEBRUARY, 2022)

AN

ACT

further to amend the Himachal Pradesh University Act, 1970 (Act No. 17 of 1970).

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Seventy-second Year of the Republic of India as follow:—

1. Short title and commencement.—(1) This Act may be called the Himachal Pradesh University (Amendment) Act, 2021.

(2) It shall come into force on such date as the State Government may by notification published in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh, appoint.

2. Amendment of section 7.—In the Himachal Pradesh University Act, 1970, in section 7, for sub-section (1), the following shall be substituted, namely:—

"(1) Save as otherwise provided by or under this Act, the powers conferred on the University shall be exercisable in the areas as notified by the State Government.".

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 8 फरवरी, 2022

संख्या एल.एल.आर.–डी.(6)–11 / 2021–लेज.–हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हिमाचल प्रदेश अबादी देह (अधिकार–अभिलेख) विधेयक, 2021 (2021 का विधेयक संख्यांक 10) को दिनांक 02–02–2022 को अनुमोदित कर दिया है तथा अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अधीन विधेयक के अंग्रेजी पाठ को राजपत्र हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है। अतः उपरोक्त विधेयक को वर्ष 2022 के अधिनियम संख्यांक 2 के रूप में अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किया जाता है।

आदेश द्वारा,
राजीव भारद्वाज,
प्रधान सचिव (विधि)।

हिमाचल प्रदेश आबादी देह (अधिकार–अभिलेख) अधिनियम, 2021

धाराओं का क्रम

धारा :

अध्याय–1
प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ।
2. परिभाषाएं।

अध्याय–2
अधिकारी और उनकी षक्तियाँ

3. अधिकारी।
4. अधिकारियों का अधीक्षण और नियन्त्रण।

अध्याय–3
सर्वेक्षण, मानचित्रण और पहचान

5. आबादी देह क्षेत्र की पहचान।
6. सर्वेक्षण और मानचित्रण।

अध्याय–4
स्थायी अधिकार–अभिलेख और उसको तैयार करना

7. स्थायी अधिकार–अभिलेख।
8. सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा जांच।
9. स्थायी अधिकार–अभिलेख तैयार करना।
10. अभिलेख का प्रदर्शन।
11. आक्षेप और विनिश्चय करना।

अध्याय–5
अपील, पुनर्विलोकन और पुनरीक्षण

12. अपील।
13. पुनर्विलोकन।
14. वित्तायुक्त द्वारा पुनरीक्षण।

अध्याय–6
अभिलेख का अन्तरण

15. जिला कलक्टर को अभिलेख का अन्तरण।
16. राजस्व अधिनियम के अध्याय–4 का लागू होना।
17. राजस्व अधिनियम के अध्याय–8 का लागू होना।

अध्याय–7
विभाजन

18. सर्वेक्षण इकाइयों का विभाजन।
19. विभाजन के विवाद।

अध्याय–8
प्रकीर्ण

20. समन करना।
21. स्थायी अधिकार–अभिलेख में प्रविष्टियों के पक्ष में उपधारणा।
22. अभिलेख में किसी प्रविष्टि द्वारा व्यथित व्यक्तियों द्वारा घोषणात्मक डिक्री के लिए वाद।
23. लेखन त्रुटियों का सुधार।
24. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण।
25. कठिनाइयाँ दूर करने की शक्ति।
26. सिविल न्यायालय की अधिकारिता का अपवर्जन।
27. सर्वेक्षण और सीमांकन के प्रयोजनों के लिए अधिकारियों को भूमि, निवास और आवास क्षेत्रों तथा सर्वेक्षण इकाइयों में प्रवेश करने की शक्तियां।
28. सर्वेक्षण निशान और सीमांकन के नाशकरण, गिराने या हटाने के लिए शास्ति।
29. नियम बनाने की शक्ति।

————————

2022 का अधिनियम संख्यांक 2

हिमाचल प्रदेश आबादी देह (अधिकार–अभिलेख) अधिनियम, 2021

(माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा दिनांक 2 फरवरी, 2022 को यथाअनुमोदित)

राजस्व संपदाओं में आबादी देह क्षेत्र के सांपत्तिक अधिकारों को अभिलिखित करने और उनका समाधान करने तथा उससे सम्बन्धित या उनके आनुषंगिक विषयों का उपबन्ध करने के लिए **अधिनियम**।

भारत गणराज्य के बहत्तरवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

अध्याय–1
प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ.––(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश आबादी देह (अधिकार–अभिलेख) अधिनियम, 2021 है।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य पर है।

(3) यह तुरन्त प्रभाव से प्रवृत्त होगा।

2. परिभाषाएं.––इस अधिनियम में, जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "आबादी देह" से, राजस्व अधिनियम के अधीन तैयार किए गए और अनुरक्षित किए गए अधिकार–अभिलेख में इस रूप में अभिलिखित स्थल, जिसे भू–राजस्व के लिए निर्धारित नहीं किया गया है, अभिप्रेत है;

(ख) "नियत दिन" से, अप्रैल, 2020 का 20वां दिन अभिप्रेत है;

(ग) "सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी" से, इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए अधिसूचित राजस्व अधिनियम के अधीन नायब–तहसीलदार की पंक्ति से अन्यून का कोई राजस्व अधिकारी अभिप्रेत है;

(घ) "सहायक सर्वेक्षण अधिकारी" से, इस अधिनियम के अधीन कार्य करने और कृत्यों का पालन करने के लिए सरकार द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

(ङ) "मुख्य अभिलेखन और समाधान अधिकारी" से, इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए अधिसूचित, राजस्व अधिनियम के अधीन जिले का कलक्टर अभिप्रेत है;

(च) "आयुक्त" से, इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए अधिसूचित, राजस्व अधिनियम के अधीन मण्डल का आयुक्त अभिप्रेत है;

(छ) "सामान्य क्षेत्र" से, आबादी देह के भीतर किसी समुदाय की सामान्य आवश्यकता, सुविधा या प्रसुविधा के लिए उपयोग में लाया गया कोई क्षेत्र या भवन अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत सड़कें, मार्ग, गलियां, सार्वजनिक पार्क, नालियां सार्वजनिक शौचालय, तालाब और टैंक, कुएं, जल–मार्ग, खेल का मैदान, बस ठहराव या प्रतीक्षालय, सार्वजनिक बैठकों और सभाओं या निवासियों द्वारा किसी ऐसे अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग में लाए जाने वाले स्थल, और कोई खाली स्थल या प्लॉट, जिस पर किसी व्यक्ति का स्वामित्व या कब्जा न हो, भी हैं, किन्तु इसके अन्तर्गत ऐसा कोई भवन या क्षेत्र नहीं है जिस पर केन्द्रीय या राज्य सरकार के नियन्त्रणाधीन कोई संस्थान बनाया गया है;

(ज) "वित्तायुक्त" से, इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए अधिसूचित वित्तायुक्त (राजस्व), हिमाचल प्रदेश अभिप्रेत है;

(झ) "सरकार" से, हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(ञ) "अधिसूचना या अधिसूचित" से, राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित कोई अधिसूचना अभिप्रेत है;

(ट) "पंचायत" से, हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का 4) के अधीन गठित कोई पंचायत अभिप्रेत है;

(ठ) "विहित" से, इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ड) "सांपत्तिक अधिकार" से, किसी व्यक्ति, पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, केन्द्रीय या राज्य सरकार, विधिक व्यक्ति या किसी अन्य इकाई के नाम से अभिलिखित स्वामित्व का अधिकार अभिप्रेत है; किन्तु इसके अन्तर्गत अभिधारी, पट्टेदार, बन्धकदार के अधिकार या कोई अन्य अधिकार, जो स्वामित्व प्रदान नहीं करता है, नहीं है;

(ढ) "अभिलेखन और समाधान अधिकारी" से, इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का अनुपालन करने के लिए अधिसूचित उप–मण्डल कलक्टर की पंक्ति से अन्यून कोई राजस्व अधिकारी अभिप्रेत है;

(ण) "राजस्व अधिनियम" से, हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 (1954 का 6) अभिप्रेत है;

(त) "राजस्व अधिकारी" से, राजस्व अधिनियम के अधीन शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई राजस्व अधिकारी अभिप्रेत है;

(थ) "धारा" से, इस अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(द) "सर्वेक्षण अधिकारी" से, इस अधिनियम के अधीन कार्य करने और कृत्यों का पालन करने के लिए सरकार द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

(ध) "सर्वेक्षण इकाई" से, आबादी देह के भीतर का क्षेत्र, जिसे इस अधिनियम के अधीन कोई सर्वेक्षण संख्या समनुदेशित की गई है, अभिप्रेत है;

(न) "शहरी स्थानीय निकाय" से, क्रमशः हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 (1994 का 12) और हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का 13) के अधीन गठित, नगर निगम, नगर पालिका परिषद् या कोई नगर पंचायत अभिप्रेत है; और

(प) "ग्राम समिति" से, आबादी देह सहित सामान्य प्रयोजनों के लिए पृथक् रखी गई सर्वेक्षण इकाइयों और सामान्य क्षेत्रों के स्वामित्व की पहचान करने के लिए यथा विहित इसकी संरचना सहित सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा, यथास्थिति, ग्राम या शहरी स्थानीय निकाय के अधीन क्षेत्र में नामनिर्दिष्ट समिति अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इस अधिनियम में प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो राजस्व अधिनियम में उनके हैं।

————————

अध्याय–2
अधिकारी और उनकी शक्तियां

3. अधिकारी.––(1) इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन, इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन और शक्तियों का प्रयोग करने के लिए अधिसूचित निम्नलिखित अधिकारी होंगे, अर्थात् :–

(क) वित्तायुक्त;
(ख) आयुक्त;
(ग) मुख्य अभिलेखन और समाधान अधिकारी;
(घ) अभिलेखन और समाधान अधिकारी;
(ङ) सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी;
(च) सर्वेक्षण अधिकारी; और
(छ) सहायक सर्वेक्षण अधिकारी।

(2) इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन, उपधारा (1) के खण्ड (क), (ख), (घ) और (ङ) में वर्णित अधिकारियों की इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित मामलों की बाबत वही शक्तियां होंगी, जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के अधीन किसी सिविल न्यायालय में निहित हैं, अर्थात्:–

(क) किसी व्यक्ति को समन करना और हाजिर कराना तथा उसकी परीक्षा करना;

(ख) दस्तावेजों के प्रकटीकरण और पेश किए जाने की अपेक्षा करना;

(ग) शपथ–पत्र पर साक्ष्य प्राप्त करना;

(घ) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) की धारा 123 और 124 के उपबन्धों के अध्यधीन, किसी कार्यालय से कोई सार्वजनिक अभिलेख या दस्तावेज या ऐसे अभिलेख या दस्तावेज की प्रति की अध्यपेक्षा करना; और

(ङ) साक्षियों या दस्तावेजों की परीक्षा हेतु कमीशन जारी करना।

4. **अधिकारियों का अधीक्षण और नियन्त्रण.**––(1) इस अधिनियम के अधीन समस्त अधिकारियों पर उनके प्रशासनिक कार्यकरण में अधीक्षण और नियन्त्रण वित्तायुक्त में निहित होगा और समस्त ऐसे अधिकारी उसके अधीनस्थ होंगे।

(2) वित्तायुक्त के अधीक्षण और नियन्त्रण के अध्यधीन, आयुक्त इस अधिनियम के अधीन उसकी अधिकारिता में समस्त अन्य अधिकारियों को नियंत्रित करेगा।

(3) वित्तायुक्त के अधीक्षण और नियन्त्रण के अध्यधीन, मुख्य अभिलेखन और समाधान अधिकारी इस अधिनियम के अधीन अपने जिले में समस्त अन्य अधिकारियों को नियन्त्रित करेगा।

(4) यथा पूर्वोक्त और मुख्य अभिलेखन और समाधान अधिकारी के नियन्त्रण के अध्यधीन, अभिलेखन और समाधान अधिकारी इस अधिनियम के अधीन अपने उप–मण्डल में समस्त अन्य अधिकारियों को नियन्त्रित करेगा।

––––––––

अध्याय–3
सर्वेक्षण, मानचित्रण और पहचान

5. **आबादी देह क्षेत्र की पहचान.**––सरकार, अधिसूचना द्वारा, किसी जिला, किसी जिला के उप–मण्डल, शहरी स्थानीय निकाय या किसी ग्राम में प्रत्येक सर्वेक्षण इकाई में अधिकारों की पहचान करने, उसे अभिलिखित करने और उसका समाधान करने के प्रयोजन के लिए किसी आबादी देह को किसी क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

6. **सर्वेक्षण और मानचित्रण.**––(1) सरकार धारा 5 के अधीन अधिसूचित प्रत्येक क्षेत्र के लिए ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, सर्वेक्षण संचालित करने के लिए कोई सर्वेक्षण अधिकारी और उसकी सहायता हेतु सहायक सर्वेक्षण अधिकारी नियुक्त करेगी।

(2) सरकार ऐसे क्षेत्रों, जिनके किसी आबादी देह के भीतर स्थायी अधिकार–अभिलेख तैयार किए जाने हैं, को अधिसूचित किए जाने पर, आबादी देह की सीमा अवधारित करने, प्रत्येक सर्वेक्षण इकाई का क्षेत्र और आयाम परिभाषित करने, और प्रत्येक ऐसी इकाई को कोई विशिष्ट सर्वेक्षण संख्या समनुदेशित करने के लिए स्वयं या किसी अधिसूचित अभिकरण के माध्यम से ऐसे क्षेत्र का सर्वेक्षण संचालित करवाएगी और मानचित्रण करवाएगी।

(3) क्षेत्र की तैयार की गई सर्वेक्षण रिपोर्टों और नक्शों को सर्वेक्षण इकाइयों में स्थायी अधिकार–अभिलेख तैयार करने के प्रयोजन हेतु सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा।

––––––––

अध्याय–4
स्थायी अधिकार–अभिलेख और उसको तैयार करना

7. **स्थायी अधिकार–अभिलेख.**––(1) प्रत्येक आबादी देह क्षेत्र के लिए स्थायी अधिकार–अभिलेख होगा, जिसमें निम्नलिखित समाविष्ट होंगे, अर्थात्:–

(क) इस अध्याय के अधीन तैयार की गई प्रत्येक सर्वेक्षण इकाई का सांपत्तिक अधिकारों का अभिलेख;

(ख) अध्याय–3 के अधीन आयामों सहित तैयार की गई सर्वेक्षण रिपोर्टें और नक्शे;

(ग) ग्राम समिति की बैठकों की कार्यवाहियों के अभिलेख;

(घ) ऐसे अन्य दस्तावेज, जो विहित या अधिसूचित किए जाएं; और

(ङ) वंश–वृक्ष (सजरा नसब)।

8. सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा जांच.––(1) सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी, उसके इस रूप में पदाविहित किए जाने पर, सर्वेक्षण इकाइयों में स्वत्वधारियों के सांपत्तिक अधिकारों की पहचान करने के लिए ग्राम समिति गठित करेगा।

(2) सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी आबादी देह, जिसका स्थायी अधिकार–अभिलेख तैयार किया जाना है, की बाबत क्षेत्र के निवासियों को प्रत्येक सर्वेक्षण इकाई के लिए ऐसा अभिलेख तैयार करने हेतु प्रस्ताव के बारे में विहित रीति में सूचित करेगा।

9. स्थायी अधिकार–अभिलेख तैयार करना.––(1) सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी, ग्राम समिति के साथ विचार–विमर्श और परामर्श करने और हितबद्ध पक्षकारों को सुनने के पश्चात् नियत दिन पर, संक्षिप्त रीति में और जो विहित की जाए, स्वत्वधारियों की प्रस्तावित प्रविष्टियों और उनके सांपत्तिक अधिकारों तथा स्थायी अधिकार–अभिलेख में सर्वेक्षण इकाई की सीमाओं की प्रविष्टियों को अभिलिखित करेगा।

(2) स्वत्वधारी और उसके सांपत्तिक अधिकारों की प्रविष्टि सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा निम्नलिखित के नाम अभिलिखित की जाएगीः–

(क) निर्मित निवास और आवासीय क्षेत्रों, जिसके अन्तर्गत उसके खुले या बंद आंगन हैं, का स्वामी और स्वामी की अन्य खाली भूमि और प्लॉट, जो सामान्य क्षेत्र, दुकानें तथा अन्य स्थापन न हों;

(ख) सामान्य क्षेत्र, खाली भूमि या प्लॉट, जो किसी व्यक्ति के स्वामित्वाधीन न हों, के लिए पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय; और

(ग) उसके स्वामित्वाधीन भूमि या संस्थाओं की बाबत केन्द्रीय, राज्य सरकार, विधिक व्यक्ति या अन्य इकाई।

(3) उपधारा (1) और (2) के अधीन शक्तियों के प्रयोग के संचालन में, यदि कोई सर्वेक्षण इकाई उप–विभाजित पाई जाती है, जो सर्वेक्षण अधिकारी के ध्यान में न आई हो,तो सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी ऐसी प्रत्येक सर्वेक्षण इकाई को कोई विशिष्ट संख्या समनुदेशित करेगा।

(4) इस अधिनियम के अधीन अर्जित अधिकार, स्वामी को हिमाचल प्रदेश अभिधृति और भूमि सुधार अधिनियम, 1972 (1973 का 8) की धारा 118 या हिमाचल प्रदेश भूमि अंतरण (विनियमन) अधिनियम, 1968 (1969 का 15) के प्रयोजन के लिए किसी कृषक या अनुसूचित जनजाति की हैसियत अर्जित करने का हकदार नहीं बनाएंगे।

10. अभिलेख का प्रदर्शन.––धारा 6 के अधीन तैयार किया गया सर्वेक्षण नक्शा और धारा 9 के अधीन किसी सर्वेक्षण इकाई में स्वत्वधारियों का तैयार किया गया प्रविष्टियों का अभिलेख गांव में या शहरी स्थानीय निकाय के क्षेत्र के भीतर किसी सहजदृश्य स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा उसकी एक प्रति पंचायत को, गांव के वार्ड सदस्य या शहरी स्थानीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधि या शहरी स्थानीय निकाय के ऐसे निर्वाचित सदस्यों की अनुपस्थिति में सचिव के माध्यम से, ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, प्रदत्त की जाएगी।

11. आक्षेप और विनिश्चय करना.––(1) सर्वेक्षण अभिलेख में किसी सीमा के सीमांकन या किसी सर्वेक्षण इकाई में स्थायी अधिकार–अभिलेख में सांपत्तिक अधिकारों के सम्बन्ध में किसी प्रविष्टि द्वारा व्यथित

कोई व्यक्ति धारा 10 के अधीन अभिलेख को प्रदर्शित करने की तारीख से तीस दिन के भीतर सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी के समक्ष उसके सही होने के सम्बन्ध में आक्षेप फाइल कर सकेगा।

(2) सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी पक्षकारों को सुनने और अभिलेख, यदि कोई हो, का अवलोकन करने के पश्चात् सर्वेक्षण नक्शे में सीमाओं का अनिवार्यतः सही होना दर्ज करेगा तथा सर्वेक्षण इकाई में स्वत्वधारी के रूप में अभिलिखित किए जाने के लिए सही हकदार व्यक्तियों को अभिनिश्चित करेगा और उपधारा (1) के अधीन अवधि के अवसान से साठ दिन के भीतर कारणों को अभिलिखित करके आदेश पारित करेगा।

स्पष्टीकरण.—किसी सर्वेक्षण इकाई में किसी व्यक्ति के सांपत्तिक अधिकारों का अभिलिखित किया जाना स्वामित्व का निश्चयात्मक सबूत नहीं होगा और इस अधिनियम के अधीन अपील या पुनरीक्षण में संशोधनों और परिवर्तनों के या किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा किसी निर्णय और आदेश में इस प्रकार अवधारित अधिकारों के भी अध्यधीन होगा।

(3) यदि उपधारा (1) के अधीन उपबन्धित अवधि के भीतर कोई आक्षेप दाखिल नहीं किया जाता है तो धारा 9 के अधीन स्थायी अधिकार अभिलेख में अभिलिखित कोई प्रविष्टि अंतिम समझी जाएगी।

(4) सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी तत्पश्चात् अन्तिम रूप से तैयार किए गए अभिलेख को विहित रीति में प्रकाशित करेगा जिसमें ऐसा आदेश सम्मिलित होगा जो उपधारा (2) के अधीन पारित किया जा सके।

(5) सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा परिनिश्चित स्थायी अधिकार–अभिलेख को उपधारा (2) के अधीन पारित किसी आदेश को किसी अपील, पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण में अपास्त किए जाने, उपान्तरित या पुनरीक्षित किए जाने की दशा में संशोधित या उपान्तरित किया जाएगा।

————————

अध्याय–5
अपील, पुनर्विलोकन और पुनरीक्षण

12. अपील.––(1) धारा 11 के अधीन सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे आदेश के पारित किए जाने से तीस दिन के भीतर अभिलेखन और समाधान अधिकारी के समक्ष अपील फाइल कर सकेगा।

(2) अभिलेखन और समाधान अधिकारी हितबद्ध और संभाव्य प्रभावित होने वाले पक्षकारों की सुनवाई के पश्चात् या तो अपील को मंजूर करेगा या युक्तियुक्त आदेश पारित करके उसे खारिज कर देगा।

(3) उपधारा (2) के अधीन अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे आदेश के पारित किए जाने से तीस दिन के भीतर आयुक्त को अपील कर सकेगा जो हितबद्ध और संभाव्य प्रभावित होने वाले पक्षकारों की सुनवाई के पश्चात् या तो अपील को मंजूर करेगा या युक्तियुक्त आदेश पारित करके उसे खारिज कर देगा।

(4) उपधारा (2) और (3) के अधीन अपीलें, यथास्थिति, अभिलेखन और समाधान अधिकारी और आयुक्त द्वारा नोटिस के पश्चात् प्रत्यर्थी के हाजिर होने की तारीख से साठ दिन के भीतर अभिनिश्चित की जाएंगी या जब तक कारणों को लिखित में अभिलिखित करके अन्यथा निदेशित न किया जाए, एक पक्षीय रूप से उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगीः

परन्तु–

(क) यदि प्रथम अपील में मूल आदेश की पुष्टि हो जाती है तो आगे कोई और अपील नहीं की जाएगी;

(ख) यदि अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा अपील पर ऐसा कोई आदेश उपान्तरित या प्रत्यावर्तित कर दिया जाता है तो आगामी अपील पर आयुक्त द्वारा पारित किया गया आदेश, यदि कोई हो, उसके लिए अंतिम होगा।

(5) अपील प्राधिकारी किसी मामले को प्रतिप्रेषित नहीं करेगा, सिवाय जहाँ अभिलेख से यह प्रमाणित हो जाता है कि आवश्यक पक्षकार, जिस पर सम्यक् रूप से तामील नहीं की गई हो, के विरूद्ध प्रतिकूल आदेश पारित किया गया है।

13. पुनर्विलोकन.––जहां अभिलेख को देखते ही कोई गलती या त्रुटि प्रतीत होती है या जहाँ कोई नया या अनिवार्य तथ्य या साक्ष्य पाया जाता है तो सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी, अभिलेखन और समाधान अधिकारी और आयुक्त पुनर्विलोकित किए जाने वाले आदेश के साठ दिन की अवधि के भीतर या तो स्वप्रेरणा से या हितबद्ध पक्षकार के आवेदन पर संभाव्य प्रभावित होने वाले पक्षकार को नोटिस देने और युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् पुनर्विलोकन करेगा और इस प्रकार पुनर्विलोकन से स्वयं या उसके पद–पूर्ववर्ती द्वारा पारित किसी आदेश को उपान्तरित कर सकेगा, उसे प्रत्यावर्तित कर सकेगा या उसकी पुष्टि कर सकेगाः

परन्तुः–

(क) यदि सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी किसी आदेश का पुनर्विलोकन करना आवश्यक समझता है तो वह प्रथमतः अभिलेखन और समाधान अधिकारी की स्वीकृति अभिप्राप्त करेगा;

(ख) यदि अभिलेखन और समाधान अधिकारी किसी आदेश का पुनर्विलोकन करना आवश्यक समझता है तो वह प्रथमतः मुख्य अभिलेखन और समाधान अधिकारी की स्वीकृति अभिप्राप्त करेगा;

(ग) यदि ऐसा कोई आदेश सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी या अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा पुनर्विलोकन पर उपान्तरित या प्रत्यवर्तित किया जाता है तो सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील अभिलेखन और समाधान अधिकारी को की जाएगी और अभिलेखन और समाधान अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील आयुक्त को की जाएगी तथा ऐसी अपील पर पारित किया गया आदेश अंतिम होगा।

(घ) किसी आदेश, जिस के विरूद्ध अपील या पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है, का पुनर्विलोकन नहीं किया जाएगा; और

(ङ) किसी आदेश का पुनर्विलोकन नामंजूर करने या पुनर्विलोकन की अनुज्ञा प्रदान करने या किसी पूर्ववर्ती आदेश के पुनर्विलोकन पर उसकी पुष्टि करने के किसी आदेश पर कोई अपील नहीं होगी।

(2) किसी आकस्मिक भूल (चूक) या लोप से होने वाली लिपिकीय या गणितीय भूल के सिवाय धारा 14 के अधीन वित्तायुक्त द्वारा पारित किसी आदेश के विरूद्ध इस धारा के अधीन पुनर्विलोकन का कोई आवेदन नहीं किया जाएगा।

14. वत्तायुक्त द्वारा पुनरीक्षण.––वित्तायुक्त, आदेश पारित किए जाने के साठ दिन के भीतर किसी व्यथित पक्षकार के आवेदन पर या स्वप्रेरणा से इस अधिनियम के अधीन पारित किए गए किसी आदेश या की गई कार्यवाही, स्वयं के समाधान के प्रयोजन के लिए, से ऐसे आदेश या कार्यवाहियों की वैधता और औचित्य से सम्बन्धित अभिलेख मंगवा सकेगा और उसकी पड़ताल कर सकेगा और प्रभावित पक्षकारों की सुनवाई के पश्चात् इससे सम्बन्ध ऐसे आदेश, जो वह उचित समझे, पारित कर सकेगा और इस अधिनियम के अधीन पारित किसी आदेश को उपान्तरित कर सकेगा या उसे प्रत्यावर्तित कर सकेगा या उसकी पुष्टि कर सकेगा।

अध्याय–6
अभिलेख का अन्तरण

15. जिला क्लक्टर को अभिलेख का अन्तरण.––आबादी देह क्षेत्र के स्थायी अधिकार–अभिलेख को तैयार करने और उसे अंतिम रूप देने के पश्चात् इसे सहायक अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाएगा तथा इसे राजस्व अधिनियम के अधीन इसका अनुरक्षण और पुनरीक्षण करने के लिए जिला क्लक्टर को अन्तरित किया जाएगा।

16. राजस्व अधिनियम के अध्याय–4 का लागू होना.––धारा 15 के अधीन अभिलेख के अन्तरण के पश्चात् राजस्व अधिनियम के अध्याय–4 के उपबन्ध ऐसे अभिलेख को यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

17. राजस्व अधिनियम के अध्याय–8 का लागू होना.––राजस्व अधिनियम के अध्याय 8, तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्ध और समय–समय पर जारी अनुदेश इस अधिनियम की धारा 15 के अधीन अभिलेख के अन्तरण के पश्चात् किसी सर्वेक्षण इकाई या उसके भाग के सीमांकन के लिए यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

————————

अध्याय–7
विभाजन

18. सर्वेक्षण इकाइयों का विभाजन.––आबादी देह में समाविष्ट सर्वेक्षण इकाइयों का विभाजन राजस्व अधिकारी द्वारा स्थायी अधिकार–अभिलेख के अन्तरण के पश्चात् और केवल तभी यदि, सांपत्तिक अधिकार रखने वाले समस्त व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्तावित विभाजन को दर्शाते हुए नक्शे सहित समस्त हितबद्ध पक्षकारों द्वारा विभाजन पुष्ट किया गया है, अनुज्ञात किया जाएगाः

परन्तु राजस्व अधिकारी, सर्वेक्षण इकाई के ऐसे सह–स्वत्वधारियों और अन्य व्यक्तियों की पड़ताल करने (परीक्षण करने) के पश्चात् यदि उसकी राय है कि पर्यवेक्षण इकाई अविभाज्य है या विभाजन असाध्य है और उसके पास अच्छा और पर्याप्त हेतुक है कि क्यों न विभाजन अननुज्ञात किया जाए, अपनी नामंजूरी के आधारों को अभिलिखित करके सर्वेक्षण इकाई के विभाजन को नामंजूर कर सकेगा।

19. विभाजन के विवाद.––किसी विवाद की दशा में सर्वेक्षण इकाई के विभाजन के लिए आवेदन राजस्व अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाएगा और व्यथित पक्षकार विभाजन के लिए सिविल न्यायालय में निवेदन कर सकेगा।

————————

अध्याय–8
प्रकीर्ण

20. समन करना.––(1) इस अधिनियम के अधीन नियुक्त किए गए किसी अधिकारी द्वारा जारी समन की तामील, व्यक्ति, जिस को यह सम्बोधित है, पर व्यक्तिगत रूप से या ऐसा न होने पर–

(क) उसके मान्यता प्राप्त अभिकर्ता पर; या

(ख) प्रायः उसके साथ निवास करने वाले उसके कुटुम्ब के किसी वयस्क सदस्य पर की जाएगी।

(2) व्यक्ति जिस को यह सम्बोधित है, के प्रायिक या अंतिम ज्ञात निवास स्थान पर उसकी एक प्रति चिपकाकर भी तामील करवाया जा सकेगा।

(3) इस अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी यदि निदेशित करे तो समन की तामील उसमें निर्दिष्ट व्यक्ति के नाम पर या तो सेवा की अन्य किसी पद्धति के अतिरिक्त या के प्रतिस्थापन में पत्र में सम्बोधित किए गए व्यक्ति को डाक द्वारा समन भेजते हुए और भारतीय डाक अधिनियम, 1898 (1898 का 6) के अध्याय–6 के अधीन रजिस्ट्रीकृत करके या इस निमित्त सरकार द्वारा अधिसूचित किसी ख्याति प्राप्त कुरियर ऐजैंसी के माध्यम से भी की जा सकेगी।

(4) जब समन किसी पत्र में इस प्रकार अग्रेषित किया जाता है और यह साबित हो जाता है कि पत्र समुचित रूप से सम्बोधित और सम्यक् रूप से डाक द्वारा भेजा गया है और रजिस्ट्रीकृत किया गया है तो इस अधिनियम के अधीन नियुक्त अधिकारी यह उपधारित कर सकेगा कि समन की तामील इसके परिदान करने की अभिस्वीकृति के समय पर कर दी गई है:

परन्तु यदि समन किसी ऐसे मामले से सम्बन्धित है, जिसमें एक ही हित के व्यक्ति अनेक हैं, उन सभी पर व्यक्तिगत रूप से तामील करना युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य नहीं है, तो वह इन्हें प्रथमतः और यदि इस अधिनियम के अधीन नियुक्त अधिकारी ऐसा निदेशित करे, उन व्यक्तियों, जो इस अधिनियम के अधीन नियुक्त अधिकारी इस निमित्त नामनिर्दिष्ट करे, को उसकी एक प्रति के परिदान द्वारा और अन्य हितबद्ध व्यक्तियों की सूचना के लिए इसकी अन्तर्वस्तु का व्यापक प्रसार वाले दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन द्वारा तामील करवाया जा सकेगा।

(5) समन, इस अधिनियम के अधीन नियुक्त अधिकारी द्वारा लघु संदेश सेवा (एसएमएस), ई–मेल या अन्यथा अन्य इलैक्ट्रॉनिक पद्धति के माध्यम से दूरभाष नम्बर या अन्यथा ज्ञात या ज्ञात करवाए गए ई–मेल पते पर तामील की जा सकेगी:

परन्तु यदि तामील उपरोक्त किसी पद्धति के माध्यम से करवाई जाती है तो समन के परिदान की प्रिण्टर से छपी हुई प्रति अभिलेख में रखी जाएगी।

(6) इस अधिनियम के अधीन किसी अधिकारी द्वारा, जारी किसी नोटिस, उद्घोषणा के आदेश या किसी ऐसे दस्तावेज की प्रति को किसी व्यक्ति पर समन की तामील के लिए इस धारा में उपबन्धित रीति में तामील करवाई जाएगी।

(7) उपधारा (2), (3), (5) या (6) में उपबंधित तामील की कोई पद्धति उपधारा (1) में उपबंधित किसी तामील की पद्धति के अतिरिक्त साथ–साथ अंगीकृत की जा सकेगी।

21. स्थायी अधिकार–अभिलेख में प्रविष्टियों के पक्ष में उपधारणा.––इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार स्थायी अधिकार–अभिलेख में की गई कोई प्रविष्टि तब तक सही उपधारित की जाएगी जब तक कि यह प्रतिकूल साबित न हो जाए या विधिपूर्ण रूप से उसके संबंध में नई प्रविष्टि प्रतिस्थापित न कर दी गई हो।

22. अभिलेख में किसी प्रविष्टि द्वारा व्यथित व्यक्तियों द्वारा घोषणात्मक डिक्री के लिए वाद.––यदि कोई व्यक्ति, स्थायी अधिकार–अभिलेख में किसी प्रविष्टि द्वारा किसी अधिकार, जिस पर उसका कब्जा है, के बारे में स्वयं को व्यथित महसूस करता है तो वह विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 (1963 का 47) के अध्याय–6 के अधीन उसके अधिकार की घोषणा के लिए वाद संस्थित कर सकेगा।

23. लेखन त्रुटियों का सुधार.––इस अधिनियम के अधीन किसी अधिकारी द्वारा पारित आदेश में लेखन या गणित सम्बन्धी भूल को किसी भी समय सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा या तो स्वप्रेरणा से या किसी पक्षकार के आवेदन पर सुधारा जा सकेगा और ऐसे सुधार की सूचना पक्षकारों और सम्बद्ध अधिकारी को भी इसके कार्यान्वयन हेतु निःशुल्क दी जाएगी।

24. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण.––इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई किसी बात या इस अधिनियम के उपबंधों या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन किए जाने के लिए आशयित

किसी बात के लिए कोई भी अभियोजन या विधिक कार्यवाहियां किसी प्राधिकारी या ऐसे अधिकारी के निर्देशों के अधीन कृत्य करने वाले किसी कर्मचारी के विरूद्ध न होंगी।

25. कठिनाइयां दूर करने की शक्ति.––(1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो सरकार राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित आदेश द्वारा, ऐसे उपबंध कर सकेगी, जो इस अधिनियम के उपबंधों के असंगत न हों और जो ऐसी कठिनाई को दूर करने के लिए इसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत हों:

परन्तु ऐसा कोई भी आदेश इस अधिनियम के प्रवृत्त होने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के अवसान के पश्चात् नहीं किया जाएगा।

(2) इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश उसके किए जाने के पश्चात् यथाशक्यशीघ्र राज्य विधान सभा के समक्ष रखा जाएगा।

26. सिविल न्यायालय की अधिकारिता का अपवर्जन.––इस अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय कोई भी सिविल न्यायालय किसी मामले के सम्बन्ध में इस अधिनियम के द्वारा जिसके अवधारण या निपटान के लिए सरकार या कोई अधिकारी सशक्त है, संस्थित किसी वाद या विनिश्चय या आदेश अभिप्राप्त करने के लिए किए गए आवेदन को ग्रहण नहीं करेगा।

27. सर्वेक्षण और सीमांकन के प्रयोजनों के लिए अधिकारियों को भूमि, निवास और आवास क्षेत्रों तथा सर्वेक्षण इकाइयों में प्रवेश करने की शक्तियां.––इस अधिनियम के अधीन अधिकारियों और उनके आदेशों के अधीन कृत्य करने वाला कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन किसी कर्त्तव्य के निर्वहन में विहित रीति में प्रवेश और भूमि का सर्वेक्षण कर सकेगा और उस पर सर्वेक्षण निशान लगा सकेगा या निर्मित कर सकेगा और उसकी सीमाएं सीमांकित कर सकेगा तथा ऐसे कर्त्तव्य के उचित पालन के लिए आवश्यक समस्त अन्य ऐसे कृत्य कर सकेगा।

28. सर्वेक्षण निशान और सीमांकन के नाशकरण, गिराने या हटाने के लिए शास्ति.––(1) यदि कोई व्यक्ति विधिपूर्ण रूप से निर्मित या लगाए गए सर्वेक्षण या सीमांकन निशान को जानबूझकर नष्ट करता है, गिराता है या बिना विधिसम्मत प्राधिकार से हटाता है तो अभिलेखन और समाधान अधिकारी द्वारा उसे इस प्रकार नष्ट किए गए, गिराए गए या हटाए गए प्रत्येक निशान के लिए ऐसा जुर्माना, जो दो हजार रुपए से अनधिक हो, और ऐसे कृत्य की पुनरावृत्ति की दशा में प्रत्येक सर्वेक्षण निशान के लिए पांच हजार रुपए से अनधिक जुर्माना, जैसा उस अधिकारी की राय में उसे प्रत्यावर्तित करने के व्यय को पूरा करने और ऐसे व्यक्ति, यदि कोई हो, जिसने नाशकरण, गिराने या हटाने की सूचना दी है, को इनाम देने लिए आवश्यक हो, संदत्त करने के लिए आदेशित किया जा सकेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन उद्ग्रहणीय जुर्माने की रकम, यदि विहित रीति में संदत्त नहीं की जाती है तो वह राजस्व अधिनियम के अधीन भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूलीय होगी।

(3) इस धारा के अधीन जुर्माने का अधिरोपण भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 434 के अधीन अभियोजन या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन अपराधी के अभियोजन का वर्जन नहीं होगा।

29. नियम बनाने की शक्ति.––(1) राज्य सरकार राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

(2) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र विधानसभा के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल दस दिन से अन्यून अवधि के लिए रखा जाएगा। यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या दो से अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी और यदि उस सत्र, जिसमें इसे रखा गया था,

के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान से पूर्व विधान सभा उस नियम में कोई परिवर्तन करती है या विनिश्चय करती है कि ऐसा नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह, यथास्थिति, ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा या निष्प्रभावी हो जाएगा। तथापि, नियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभावी होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

————————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

THE HIMACHAL PRADESH ABADI DEH (RECORD OF RIGHTS) ACT, 2021

ARRANGEMENT OF SECTIONS

Sections:

CHAPTER-I
PRELIMINARY

1. Short title, extent and commencement.
2. Definitions.

CHAPTER-II
OFFICERS AND POWERS

3. Officers.
4. Superintendence and control of officers.

CHAPTER-III
SURVEY, MAPPING AND IDENTIFICATION

5. Identification of abadi deh area.
6. Survey and mapping.

CHAPTER-IV
STANDING RECORD OF RIGHTS AND ITS MAKING

7. Standing record of rights.
8. Inquiry by the Assistant Recording and Resolution Officer.
9. Preparation of standing record of rights.
10. Display of record.
11. Raising of objections and decision.

CHAPTER-V
APPEAL, REVIEW AND REVISION

12. Appeal.
13. Review.
14. Revision by Financial Commissioner.

CHAPTER-VI
TRANSFER OF RECORD

15. Transfer of record to the District Collector.
16. Application of Chapter IV of Revenue Act.
17. Application of Chapter VIII of Revenue Act.

CHAPTER-VII
PARTITION

18. Partition of survey units.
19. Disputes as to partition.

CHAPTER-VIII
MISCELLANEOUS

20. Summons.
21. Presumption in favour of entries in the standing record of rights.
22. Suit for declaratory decree by persons aggrieved by an entry in a record.
23. Correction of clerical errors.
24. Protection of action taken in good faith.
25. Power to remove difficulties.
26. Exclusion of jurisdiction of civil courts.
27. Powers of officers to enter upon land, dwelling and habitation areas, survey units for the purposes of survey and demarcation.
28. Penalty for destruction, dismantling or removal of survey marks and demarcation.
29. Power to make rules.

———

Act No. 2 of 2022

THE HIMACHAL PRADESH ABADI DEH (RECORD OF RIGHTS) ACT, 2021

(AS ASSENTED TO BY THE GOVERNOR ON DATED 2nd FEBRUARY, 2022)

AN

ACT

to provide for recording and resolving of proprietary rights of the abadi deh area in the revenue estates and for matters connected therewith or incidental thereto.

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Seventy-second Year of the Republic of India as follows:—

CHAPTER-I
PRELIMINARY

1. Short title, extent and commence-ment.—(1)This Act may be called the Himachal Pradesh Abadi deh (Record of Rights) Act, 2021.

(2) It extends to the whole of the State of Himachal Pradesh.

(3) It shall come into force with immediate effect.

2. Definitions.—(1) In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) "abadi deh" means the site recorded as such in the Record of Rights prepared and maintained under the Revenue Act, which is not assessed to land revenue;

(b) "Appointed day" means the twentieth day of April, 2020;

(c) "Assistant Recording and Resolution Officer" means a Revenue Officer not below the rank of Naib-Tehsildar under the Revenue Act, notified to perform functions under this Act;

(d) "Assistant Survey Officer" means an officer appointed by the Government to act and perform functions under this Act;

(e) "Chief Recording and Resolution Officer" means the Collector of the district under the Revenue Act, notified to perform functions under this Act;

(f) "Commissioner" means the Commissioner of the division under the Revenue Act, notified to perform functions under this Act;

(g) "Common area" means an area or building within the abadi deh used for any common need, convenience or benefit of the community and includes roads, paths, streets, public parks, drains, public toilets, ponds and tanks, wells, water courses, play grounds, bus stand or waiting places, places used for public sittings and gatherings or for any such other purposes used by the inhabitants, and any vacant site or plot not owned or possessed by any person; but does not include a building or area which houses an institution under the control of the Central or State Government;

(h) "Financial Commissioner" means the Financial Commissioner (Revenue) Himachal Pradesh notified to perform the functions under this Act;

(i) "Government" means the Government of Himachal Pradesh;

(j) "notification or notified" means a notification published in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh;

(k) "Panchayat" means a Panchayat constituted under the Himachal Pradesh Panchayati Raj Act, 1994; (4 of 1994).

(l) "prescribed" means prescribed by rules made under this Act;

(m) "proprietary right" means the right of ownership recorded in the name of a person, Panchayat, Urban Local Body, Central or State Government, juristic person or any other entity but does not include the rights of tenant, lessee, mortgagee or any other right which does not confer ownership;

(n) "Recording and Resolution Officer" means a revenue officer not below the rank of Sub-Divisional Collector, notified to perform functions under this Act:

(o) "Revenue Act" means the Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954; (6 of 1954).

(p) "Revenue Officer" means a revenue officer exercising the powers under the Revenue Act;

(q) "section" means section of this Act;

(r) "Survey Officer" means an officer appointed by the Government to act and perform functions under this Act;

(s) "survey unit" means the area within the abadi deh, to which a survey number is assigned under this Act;

(t) 'Urban Local Body' means a Municipal Corporation, Municipal Council or a Nagar Panchayat, constituted under the Himachal Pradesh Municipal Corporation Act, 1994 (12 of 1994) and Himachal Pradesh Municipal Act, 1994 (13 of 1994) respectively; and

(u) "Village Committee" means the committee nominated in the village or area under urban local body, as the case may be, by the Assistant Recording and Resolution Officer, with its composition as prescribed to identify the ownership of survey units and common areas set apart for common purposes with the abadi deh.

(2) Words and expressions used herein and not defined but defined in the Revenue Act have the meanings respectively assigned to them in that Act.

CHAPTER-II
OFFICERS AND POWERS

3. Officers.—(1) Subject to the provisions of this Act, there shall be the following officers notified to perform the functions and exercise powers under this Act, namely:—

(a) Financial Commissioner;

(b) Commissioner;

(c) Chief Recording and Resolution Officer;

(d) Recording and Resolution Officer;

(e) Assistant Recording and Resolution Officer;

(f) Survey Officer; and

(g) Assistant Survey Officer.

(2) Subject to the provision of this Act, the officers mentioned in clauses (a), (b), (d) and (e) of sub-section (1) shall have, for the purposes of discharging their functions under this Act, the

same powers as are vested in a civil court under the Code of Civil Procedure, 1908, (5 of 1908) in respect of the following matters, namely:—

(a) the summoning and enforcing the attendance of any person and examining him;

(b) requiring the discovery and production of documents;

(c) receiving evidence on affidavit;

(d) subject to the provisions of sections 123 and 124 of the Indian Evidence Act, 1872, (1 of 1872) requisitioning any public record or document or copy of such record or document from any office; and

(e) issuing commissions for the examination of witnesses or documents.

4. Superintendence and control of officers.—(1) The superintendence and control over all officers in their administrative functioning under this Act shall vest in the Financial Commissioner, and all such officers shall be subordinate to him.

(2) Subject to the superintendence and control of the Financial Commissioner, the Commissioner shall control all other officers under this Act, in his division.

(3) Subject to the superintendence and control of the Financial Commissioner, the Chief Recording and Resolution Officer shall control all other officers under this Act, in his district.

(4) Subject to aforesaid and to the control of the Chief Recording and Resolution Officer, the Recording and Resolution Officer shall control all other officers under this Act, in his sub-division.

———————

CHAPTER-III
SURVEY, MAPPING AND IDENTIFICATON

5. Identification of abadi deh area.—The Government may, by notification, specify any abadi deh in a district, sub-division of a district, Urban Local Body or a village as an area for the purpose of identifying, recording and resolving the rights in each survey unit.

6. Survey and mapping.—(1) The Government shall appoint a Survey Officer and an Assistant Survey Officer to assist him, for each area notified under section 5 to conduct a survey in the manner as may be prescribed.

(2) The Government, upon notifying areas of which the standing record of rights within an abadi deh is to be prepared, shall itself or through a notified agency get a survey conducted and mapping done of such area to determine the boundary of the abadi deh, define the area and dimension of each survey unit, and assign a unique survey number to each such unit.

(3) The survey reports and maps prepared of the area shall be submitted to the Assistant Recording and Resolution Officer for the purpose of preparing the standing record of rights in the survey units.

CHAPTER-IV
STANDING RECORD OF RIGHTS AND ITS MAKING

7. Standing record of rights.—(1) There shall be a standing record of rights for each abadi deh area, which shall comprise the following namely:—

(a) the record of proprietary rights of each survey unit prepared under this Chapter;

(b) the survey reports and maps prepared under Chapter III with dimensions;

(c) the record of proceedings of the meetings of the Village Committee;

(d) such other document as may be prescribed or notified; and

(e) genealogical tree (Shajra Nasab).

8. Inquiry by the Assistant Recording and Resolution Officer.—(1) The Assistant Recording and Resolution Officer, on his being designated as such, shall constitute a Village Committee for identifying the proprietary rights of the proprietors in the survey units.

(2) The Assistant Recording and Resolution Officer, in respect of the abadi deh of which the standing record of rights is to be prepared, shall inform the inhabitants of the area, in the manner prescribed, about the proposal to prepare such record for each of the survey unit.

9. Preparation of standing record of rights.—(1) The Assistant Recording and Resolution Officer, after deliberations and consultations with the Village Committee and hearing the parties interested, shall, in a summary manner, and as may be prescribed, record the proposed entries of proprietors and their proprietary rights and of the boundaries of the survey unit in the standing record of rights, as on the appointed day.

(2) The entry of proprietor and his proprietary rights shall be recorded by the Assistant Recording and Resolution Officer in the name of,—

(a) the owner of the built up dwelling and residential areas including its open or enclosed court yards, other vacant land and plots of owners not being a common area, shops and other establishment;

(b) the Panchayat and the Urban Local Body for the common area, vacant land or plot not owned by any person; and

(c) the Central, State Government, juristic person or other entity in respect of the land or institutions owned by it.

(3) In the conduct of exercise of powers under sub-sections (1) and (2) if a survey unit is found to be sub-divided, which escaped the attention of the Survey Officer, the Assistant Recording and Resolution Officer shall assign a unique number to each such survey unit.

(4) The rights acquired under this Act, shall not entitle the owner to acquire status of an agriculturist or a scheduled tribe for the purpose of section 118 of the Himachal Pradesh Tenancy and Land Reforms Act, 1972 (8 of 1974) or Himachal Pradesh Transfer of Land (Regulation) Act, 1968 (15 of 1969).

10. Display of record.—The survey map prepared under section 6 and the record of entries of proprietors in a survey unit prepared under section 9, shall be displayed at a conspicuous place in the village or within the area of the Urban Local Body and a copy thereof supplied to the Panchayat through the Ward Member of the village or the elected representative of the Urban Local Body or the Secretary in the absence such elected members of the Urban Local Body, as the case may be, in the manner, as may be prescribed.

11. Raising of objections and decision.—(1) A person aggrieved by the demarcation of any boundary in the survey record, or an entry regarding the proprietary rights in the standing record of rights in a survey unit, may, within thirty days from the date of display of record under section 10, file objections about the correctness thereof before the Assistant Recording and Resolution Officer.

(2) The Assistant Recording and Resolution Officer after hearing the parties and perusing the record, if any, shall make necessary correction of the boundaries in the survey map, and ascertain the persons best entitled to be recorded as the proprietor in the survey unit, and within sixty days of the expiry of the period under sub-section (1), pass an order in this regard by recording reasons.

Explanation.—The recording of the proprietary rights of a person in a survey unit shall not be conclusive proof of ownership and shall be subject to corrections and alterations in appeal or revision under this Act or also the rights so determined by a judgment and order of a court of competent jurisdiction.

(3) An entry recorded in the standing record of rights under section 9, if no objection is filed within the period provided under sub-section (1), shall be treated as final.

(4) The Assistant Recording and Resolution Officer shall thereafter in the manner prescribed, publish the record as finalized, which shall incorporate an order that may be passed under sub-section (2).

(5) The standing record of rights finalized by the Assistant Recording and Resolution Officer shall be amended or modified in the event of an order passed under sub-section (2) is set aside, modified or reversed in appeal, review or revision.

———

CHAPTER-V
APPEAL, REVIEW AND REVISION

12. Appeal.—(1) Any person aggrieved by an order passed by the Assistant Recording and Resolution Officer under section 11 may, within thirty days of the passing of such order, file an appeal before the Recording and Resolution Officer.

(2) The Recording and Resolution Officer after hearing the parties interested and likely to be affected either accept the appeal or dismiss the same by passing a reasoned order.

(3) Any person aggrieved by an order passed by the Recording and Resolution Officer under sub-section (2) may, within thirty days of the passing of such order, appeal to the Commissioner, who shall after hearing the parties interested and likely to be affected either accept the appeal or dismiss the same by passing a reasoned order.

(4) Appeals under sub-sections (2) and (3) shall be decided by the Recording and Resolution Officer and the Commissioner, as the case may be, within sixty days from the date the respondent puts in appearance after notice or is proceeded against *ex-parte* unless for reasons to be recorded in writing it is directed otherwise:

Provided that,—

(a) when an original order is confirmed on first appeal, a further appeal shall not lie; and

(b) when any such order is modified or reversed on appeal by the Recording and Resolution Officer, the order made by the Commissioner on further appeal, if any, to him shall be final.

(5) An appellate authority shall not remand a case except where it is established from the record that an adverse order has been passed against a necessary party who was not duly served.

(8) यदि कुलपति की राय में प्रतिकुलपति जानबूझकर इस अधिनियम के उपबंधों का कार्यान्वित करने में भूल (चूक) करता है या कार्यान्वयन करने से इन्कार करता है या उसमें निहित शक्तियों का दुरुपयोग करता है और यदि कुलाधिपति को यह प्रतीत होता है कि प्रतिकुलपति का पद पर बने रहना विश्वविद्यालय के हित में अपायकर है तो कुलाधिपति कार्यकारी परिषद् और सरकार के परामर्श के पश्चात् उसके विरुद्ध में प्रस्तावित की जाने वाली कार्रवाई की बाबत उसको कारण बताओ नोटिस देने के पश्चात् प्रतिकुलपति को हटा सकेगाः

परंतु इस अधिनियम की, यथास्थिति, धारा 10 और 12 के अधीन जांच की किसी रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई करने की दशा में इस उपधारा के अधीन और कोई कार्रवाई की जानी आवश्यक नहीं होगी, किन्तु प्रतिकुलपति को जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध करवाने के पश्चात् सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाएगा।

(9) प्रतिकुलपति, कुलाधिपति को सम्बोधित स्वहस्ताक्षरित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा। त्यागपत्र उस तारीख जिसको प्रतिकुलपति अपने पद से अवमुक्त होना चाहता है, से सामान्यतः कम से कम साठ दिन पूर्व कुलाधिपति को देगा किन्तु कुलाधिपति उसे पहले भी अवमुक्त कर सकेगा। त्यागपत्र, अवमुक्ति की तारीख से प्रभावी होगा।

20. प्रतिकुलपति की शक्तियां और कर्त्तव्य.—(1) कुलपति के नियन्त्रण और पर्यवेक्षण के अध्यधीन, प्रतिकुलपति ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो उसे अधिनियम या परिनियमों द्वारा प्रदत्त की जाएं या कुलपति या कार्यकारी परिषद् द्वारा उसे प्रत्यायोजित की जाएं।

(2) प्रतिकुलपति, कार्यकारी परिषद्, विद्या परिषद् और वित्त समिति का पदेन उप—सभापति होगा। वह विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या निकाय की बैठक में उपस्थित होने और उसे संबोधित करने का हकदार होगा, किन्तु जब तक वह ऐसे प्राधिकरण या निकाय का सदस्य नहीं है तब तक वह उनमें मत देने का हकदार नहीं होगा।

21. संकायाध्यक्ष.—प्रत्येक संकाय में एक संकायाध्यक्ष होगा जो ऐसी रीति से नियुक्त किया जाएगा और जो ऐसी शक्तियों का प्रयोग और कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा जैसे कि परिनियमों द्वारा विहित किए जाएं।

22. रजिस्ट्रार.––(1) एक रजिस्ट्रार होगा जो विश्वविद्यालय की सभा, कार्यकारी परिषद् और विद्या परिषद् का पदेन सदस्य–सचिव होगा।

(2) विश्वविद्यालय के परिनियमों या अध्यादेशों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी रजिस्ट्रार को राज्य सरकार द्वारा उन अधिकारियों में से, जिनका राज्य सरकार के अधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा में कम से कम पांच वर्ष का सेवाकाल या हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा में कम से कम नौ वर्ष का सेवाकाल हो या राज्य सरकार के अन्तर्गत कोई अन्य अधिकारी, जो परिनियमों में विहित किया जाए, नियुक्त किया जाएगा, ऐसा न होने पर उन अधिकारियों में से राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा जो विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यादेश के विद्यमान उपबंधों के अधीन पात्र है।

(3) रजिस्ट्रार ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा जैसे परिनियमों द्वारा विहित किए जाएं।

23. परीक्षा नियंत्रक.––एक परीक्षा नियन्त्रक होगा जिसकी रजिस्ट्रार के समान हैसियत और वेतन होगा और जो रजिस्ट्रार के पद के पदधारी से स्थानांतरण या ऐसी अन्य रीति से नियुक्त किया जाएगा और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा जैसे कि परिनियमों द्वारा विहित किए जाएं।

24. अन्य अधिकारियों की शक्तियां और कर्त्तव्य.––(1) एक वित्त अधिकारी होगा जो विश्वविद्यालय की वित्त समिति का पदेन सदस्य होगा।

(2) विश्वविद्यालय के परिनियमों या अध्यादेशों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, वित्त अधिकारी को सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य अधीनस्थ लेखा सेवाएं (सामान्य शाखा) के उन अधिकारियों, जो नियन्त्रक की पंक्ति से नीचे के न हों, में से नियुक्त किया जाएगा; ऐसा न होने पर उन अधिकारियों में से चयन द्वारा नियुक्त किया जाएगा जो विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यादेश के उपबंधों के अधीन पात्र हैं।

(3) वित्त अधिकारी ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा जो परिनियमों द्वारा विहित किए जाएं।

25. अन्य अधिकारियों की शक्तियां और कर्त्तव्य.––कुलाधिपति से अन्यथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति, सेवा की शर्तें और शक्तियों, कृत्य और कर्त्तव्य ऐसे होंगे जो परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा विहित किए जाएं।

26. विश्वविद्यालय के प्राधिकरण.––विश्वविद्यालय के निम्न प्राधिकरण होंगेः–

(i) सभा;

(ii) कार्यकारी परिषद्;

(iii) विद्या परिषद्;

(iv) संकाय;

(v) वित्त समिति; और

(vi) अन्य ऐसे बोर्ड और समितियां जो परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय के प्राधिकरण घोषित किए जाएं।

27. सभा.––पैंसठ से अनधिक सदस्यों की एक सभा होगी। इसका गठन और इसके सदस्यों की पदावधि ऐसी होगी जो परिनियमों द्वारा विहित की जाए।

28. सभा की शक्तियां और कृत्य.––इस अधिनियम के उपबन्धों की अध्यधीन, सभा की निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगे, अर्थात्:–

(i) विश्वविद्यालय के सामान्य नीतियों और कार्यक्रमों की समय–समय पर समीक्षा करना और ऐसी नीतियों और कार्यक्रमों के सुधार और विकास के उपायों के सुझाव देना;

(ii) विश्वविद्यालय की लेखा परीक्षा की रिपोर्ट और वार्षिक लेखों पर विचार करना और संकल्प पारित करना;

(iii) विश्वविद्यालय की उन सभी शक्तियों का प्रयोग करना जो इस अधिनियम या परिनियमों में अन्यथा उपबन्धित नहीं हैं।

29. कार्यकारी परिषद्.––कार्यकारी परिषद् विश्वविद्यालय की कार्यपालक निकाय होगी और निम्नलिखित सदस्यों से गठित होगी,–

पदेन सदस्यः

(i) कुलपति;

(ii) प्रतिकुलपति;

(iii) राज्य सरकार का प्रशासनिक सचिव (वित्त) या उसका प्रतिनिधि;

(iv) राज्य सरकार का प्रशासनिक सचिव (शिक्षा) या उसका प्रतिनिधि;

(v) निदेशक, उच्च शिक्षा हिमाचल प्रदेश;

(iv) रजिस्ट्रार––––––––सदस्य – सचिव।

अन्य सदस्यः

(vii) कुलपति द्वारा चक्रानुक्रम से नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले दो संकायाध्यक्ष;

(viii) वरिष्ठता के आधार पर चक्रानुक्रम में सहबद्ध महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय द्वारा पोषित महाविद्यालय के दो प्राचार्य, जिनमें से एक सरकारी महाविद्यालय का प्राचार्य होगा;

(ix) सभा द्वारा इसके सदस्यों में से निर्वाचित किया जाने वाला एक सदस्य, जो विश्वविद्यालय का अध्यापक या कर्मचारी या छात्र न हो;

(x) विद्या परिषद् द्वारा इसके सदस्यों में से, विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों से भिन्न निर्वाचित किया जाने वाला एक सदस्य;

(xi) कुलपति द्वारा वरिष्ठता के आधार पर चक्रानुक्रम में नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला विश्वविद्यालय का एक आचार्य;

(xii) राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला एक सदस्य;

(xiii) परिनियमों द्वारा, विहित रीति में, एक समय पर एक वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला छात्रों का एक प्रतिनिधि और अध्यापनेत्तर कर्मचारिवृन्द का एक प्रतिनिधि;

(xiv) कुलाधिपति द्वारा, ऐसे मामलों जैसे कला, साहित्य, विधि, विज्ञान और प्रशासन या सामाजिक सेवा की बाबत विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों में से नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले दो व्यक्ति;

(xv) विश्वविद्यालय से सहबद्ध महाविद्यालयों के सहायक आचार्यों के सीधे निर्वाचन से चुना गया एक प्रतिनिधि;

(xvi) विश्वविद्यालय के सहायक आचार्यों, दूरस्थ शिक्षा पत्राचार पाठ्यक्रम के सहायक आचार्यों का सीधे निर्वाचन से चुना गया एक प्रतिनिधि; और

(xvii) विश्वविद्यालय के सह–आचार्यों का एक प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय के सभी सकन्धों जैसे स्नातकोत्तर केन्द्र और दूरस्थ शिक्षा पत्राचार पाठ्यक्रम जिसके अन्तर्गत इसके प्रधानाचार्य भी हैं, में से एकीकृत वरिष्ठता के आधार पर, चक्रानुक्रम में।

(2) अन्यथा उपबन्धित के सिवाय और पदेन सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सभी सदस्य, यथास्थिति, अपने निर्वाचन या नामनिर्देशन की तारीख से, दो वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगेः

परन्तु किसी विशिष्ट निकाय के सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट या निर्वाचित या किसी विशिष्ट नियुक्ति का धारक कोई व्यक्ति, यथास्थिति, उस निकाय का सदस्य या उस नियुक्ति का धारक न रहने पर, सदस्य नहीं रहेगाः

परन्तु यह और कि पदेन सदस्यों से भिन्न, अन्य कोई सदस्य, यदि परिषद् से अनुपस्थिति की इजाजत बिना कार्यकारी परिषद् की तीन से अधिक आनुक्रमिक बैठकों से अनुपस्थित रहता है, तो वह कार्यकारी परिषद् का सदस्य नहीं रहेगा।

(3) कोई भी व्यक्ति एक से अधिक हैसियत में कार्यकारी परिषद् का सदस्य बना नहीं रहेगा और जब तक कोई व्यक्ति एक से अधिक हैसियत में कार्यकारी परिषद् का सदस्य बन जाता है, तो वह दो सप्ताह के भीतर, उस हैसियत को चुनेगा जिसमें वह कार्यकारी परिषद् का सदस्य बना रहना चाहता है और दूसरा स्थान रिक्त कर देगा। जहां वह ऐसा चुनाव नहीं करता है वहां उस द्वारा पूर्वतर समाय में धारण किया गया पद (स्थान) उक्त दो सप्ताह की अवधि के अवसान की तारीख से रिक्त किया गया समझा जाएगा।

(4) कार्यकारी परिषद् की गणपूर्ति सात सदस्यों से होगी।

(5) कार्यकारी परिषद्, विश्वविद्यालय के सामान्य प्रबन्ध और प्रशासन (जिसके अन्तर्गत राजस्व और सम्पत्ति भी है) की भारसाधक होगी, परन्तु कर्मचारियों के सेवा मामलों और वित्तीय मामलों पर इसके द्वारा वित्त समिति की सिफारशों के पश्चात् ही विचार किया जा सकेगा।

(6) कार्यकारी परिषद् की शक्तियां और कर्त्तव्य ऐसे होंगे जैसे परिनियमों द्वारा विहित किए जाएं।

30. विद्या परिषद्.––(1) विद्या परिषद्, विश्वविद्यालय की शैक्षणिक निकाय होगी।

(2) विद्या परिषद् का गठन और इसके सदस्यों की पदावधि ऐसी होगी जैसी परिनियमों में अधिकथित की जाएः

परन्तु विद्या परिषद् की कुल सदस्यता, किसी भी दशा में, पैंसठ से अधिक नहीं होगी।

(3) विद्या परिषद्, इस अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों के उपबन्धों के अध्यधीन, नियंत्रण और साधारण विनियमन करेगी और शिक्षण मूल्यांकन, शिक्षा, परीक्षाओं के स्तर और तरीके और विश्वविद्यालय में

अनुसंधान अध्ययन के विहित पाठ्यक्रमों के अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी होगी और ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग और ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करेगी जो इसको परिनियमों द्वारा प्रदत्त या अधिरोपित किए जाएं।

(4) विद्या परिषद् को सभी शैक्षणिक विषयों पर कार्यकारी परिषद् को सलाह देने का अधिकार होगा।

31. संकाय.––(1) विश्वविद्यालय ऐसे संकायों का गठन करेगा और प्रत्येक संकाय में ऐसे अध्ययन विभाग होंगे जैसे कि विहित किए जाएं।

(2) संकाय का गठन और शक्तियां ऐसी होंगी जो परिनियमों द्वारा विहित की जाएं।

32. वित्त समिति.––(1) एक समिति होगी, इसका गठन, पदेन सदस्यों से भिन्न इसके सदस्यों की पदावधि ऐसी होगी जैसी परिनियमों में अधिकथित की जाए। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सेवा–शर्तों से संबंधित सभी वित्तीय मामले और सेवा मामले जिसमें पदों का सृजन करना, उन्नयन करना या उनका भरना, भर्ती और प्रोन्नति नियम बनाना, वेतन और भत्तों का संशोधन करना भी सम्मिलित है पहले वित्त समिति के समक्ष रखे जाएंगे, और उसके तत्पश्चात् ऐसे मामलों इसकी संस्तुतियों सहित कार्यकारी परिषद् के समक्ष रखा जाएगा।

(2) यदि बैठक में किसी कार्यसूची (एजेंडे) पर सदस्यों के मध्य सहमति नहीं है या यदि कार्यकारी परिषद् किसी भी विवाद्यक पर वित्त समिति की सिफारशों से सहमत नहीं है, तो मामले को, कार्यकारी परिषद् द्वारा मामले के विवरण और वित्त समिति की सिफारशों से असहमत होने के कारणों के साथ कुलाधिपति को निर्णय के लिए निर्दिष्ट किया जाएगा, जो राज्य सरकार के परामर्श के पश्चात् अंतिम निर्णय देगा।

33. वार्षिक लेखे.––(1) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे और तुलनपत्र कार्यकारी परिषद् के निर्देशों के अधीन तैयार किए जाएंगे और उनकी लेखा संपरीक्षा प्रति वर्ष कम से कम एक बार और पन्द्रह मास से अनधिक के अन्तराल पर, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर इस निमित्त विनिर्दिष्टतया प्राधिकृत अभिकरण द्वारा की जाएगी।

(2) लेखों की संपरीक्षा हो जाने पर वार्षिक लेखे मुद्रित किए जाएंगे और उनकी प्रतियां, संपरीक्षा रिपोर्ट सहित, सभा को कार्यकारी परिषद् की टिप्पणी सहित प्रस्तुत की जाएंगी।

(3) उपधारा (2) के अधीन सभा को यथाप्रस्तुत संपरीक्षा रिपोर्ट सहित वार्षिक लेखों की एक प्रति, उस पर सभा द्वारा की गई टिप्पणी, यदि कोई हो, राज्य सरकार को प्रस्तुत की जाएगी जो यथाशक्यशीघ्र उसे राज्य विधान सभा के समक्ष रखवाएगी।

34. दूरस्थ शिक्षा या पत्राचार पाठ्यक्रम.––कार्यकारी परिषद् विद्या परिषद् की सिफारिशों पर अध्यादेशों में यथा अधिकथित विषयों और पाठ्यक्रमों में विभिन्न परीक्षाओं के लिए दूरस्थ शिक्षा / पत्राचार पाठ्यक्रम द्वारा शिक्षण देने और इन परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को प्रवेश देने और परिनियमों और अध्यादेशों में अधिकथित उपबन्धों के अनुसार उपाधियों, डिप्लोमों, प्रमाणपत्रों और अन्य विशिष्टताओं को प्रदान करने की व्यवस्था कर सकेगी।

35. स्वायत्त महाविद्यालय.––(1) विश्वविद्यालय, परिनियमों में विहित रीति में, महाविद्यालय, विभाग या इकाई को, जो परिनियमों में इस निमित्त अधिकथित शर्तों का समाधान करती हों, ऐसे महाविद्यालय, विभाग या इकाई में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा विहित पाठ्यक्रम में परिवर्तन करने और इस प्रकार परिवर्तित पाठ्यक्रम में परीक्षा लेने का विशेषाधिकार प्रदान कर सकेगा और परिनियमों में विहित रीति से ऐसा महाविद्यालय, विभाग या इकाई स्वायत्त महाविद्यालय घोषित किया जाएगा।

(2) वह रीति, जिसमें उस जिस विस्तार तक पाठ्यक्रम परिवर्तित किए जा सकेंगे और, यथास्थिति, महाविद्यालय या विभाग द्वारा संचालित परीक्षाएं प्रत्येक मामले में विश्वविद्यालय द्वारा अवधारित की जाएंगी।

36. सहबद्धता की शर्तें.––महाविद्यालय को सहबद्धता की शर्तें ऐसी होंगी जैसी विहित की जाएं।

37. परीक्षाएं और प्रवेश.––विद्यार्थी, विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विभिन्न शिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र होंगे और उन्हें यथा विहित विभिन्न डिग्रियों, डिप्लोमों, प्रमाणपत्रों और अन्य विशिष्टताओं की प्राप्ति के लिए परीक्षाओं में प्रवेश किया जाएगा।

38. चयन समिति.––(1) विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए चयन समितियां होंगी।

(2) चयन समितियों का गठन, शक्तियां और कृत्य तथा नियुक्तियां करने के लिए अनुसरण की जाने वाली प्रक्रियाएं ऐसी होंगी जैसी परिनियमों द्वारा विहित की जाएं।

39. संविदा नियुक्ति.––(1) इस अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों के उपबन्धों के अध्यधीन प्रत्येक वैतनिक अधिकारी या शिक्षक की नियुक्ति लिखित करार के अधीन होगी जो विश्वविद्यालय को सौंपा जाएगा और उसकी एक प्रति संबंधित व्यक्ति को दी जाएगी।

(2) विश्वविद्यालय और इसके किसी अधिकारी या शिक्षक अधिकारी या शिक्षक के बीच करार से उत्पन्न कोई विवाद सम्बन्धित अधिकारी या शिक्षक के अनुरोध पर या विश्वविद्यालय की प्रेरणा पर कार्यकारी परिषद् द्वारा नियुक्त एक सदस्य, सम्बन्धित अधिकारी या शिक्षक द्वारा नामनिर्दिष्ट एक व्यक्ति और कुलाधिपति द्वारा नियुक्त एक अधिनिर्णायक से गठित एक मध्यस्थ अधिकरण को निर्दिष्ट किया जाएगा और अधिकरण का निर्णय अन्तिम होगा।

40. पेंशन, बीमा और भविष्य निधि.––(1) विश्वविद्यालय, जैसे उचित समझे अपने अधिकारियों, शिक्षकों, लिपिकीय कर्मचारिवृन्द और अन्य कर्मचारिवृन्द के लाभ के लिए ऐसी रीति में और ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जैसी परिनियमों द्वारा विहित की जाएं, ऐसी पेंशन, बीमा और भविष्य निधि गठित करेगी।

(2) जहां ऐसी कोई पेन्शन, बीमा या भविष्य निधि का ऐसा गठन किया गया हो या जहां किसी महाविद्यालय द्वारा, राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों के अधीन ऐसी कोई पेन्शन, बीमा या भविष्य निधि का गठन किया गया हो।

41. पेंशन, बीमा और भविष्य निधि.––(1) विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट जिसके अन्तर्गत अन्य विषयों के साथ–साथ विश्वविद्यालय द्वारा इसके उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उठाए गए पग भी हैं, कार्यकारी परिषद् के निर्देशों के अधीन तैयार की जाएगी और सभा को उस तारीख को या उसके पश्चात् भेजी जाएगी जो परिनियमों द्वारा विहित की जाए और सभा अपनी वार्षिक बैठक में उस रिपोर्ट पर विचार करेगी।

(2) वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति, जो उपधारा (1) के अधीन सभा को प्रस्तुत की जाए, सभा की उस एक टिप्पणी, यदि कोई हो, सहित राज्य सरकार को भेजी जाएगी जो यथाशक्यशीघ्र उसे राज्य विधान सभा के समक्ष रखवाएगी।

42. परिनियम.––इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन निम्नलिखित परिनियम सभी विषयों के लिए या इनमें से किसी के लिए उपबन्ध कर सकेंगे, अर्थात्:–

(क) विश्वविद्यालय की सभा, कार्यकारी परिषद्, विद्या परिषद्, और अन्य प्राधिकरण और अन्य ऐसे निकाय, जिन्हें समय–समय पर गठित करना आवश्यक समझा जाए, का गठन, शक्तियां और कार्य;

(ख) उक्त निकायों के सदस्यों का निर्वहन और पदों पर बने रहना जिसके अन्तर्गत प्रथम सदस्यों को पदों पर बने रहना भी है, और सदस्यों के पदों की रिक्तियों का भरा जाना और उन निकायों से सम्बन्धित अन्य सब विषय जिनके लिए उपबन्ध करना आवश्यक एवं वांछनीय हो;

(ग) विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति, शक्तियां और कर्त्तव्य;

(घ) विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारिवृन्द के फायदे के लिए पेंशन या भविष्य निधि का गठन और बीमा योजना की स्थापना;

(ङ) सम्मानिक उपाधियों और अन्य विशिष्टताओं का प्रदान करना;

(च) उपाधियों, डिप्लोमों, प्रमाणपत्रों और अन्य विद्या समबन्धी विशिष्टियों का वापस लिया जाना;

(छ) संकायों, विभागों, छात्रानिवास, छात्रावासों, महाविद्यालयों और संस्थाओं को स्थापित करना और बन्द करना;

(ज) शर्तें जिनके अधीन महाविद्यालयों और अन्य संस्थाओं को विश्वविद्यालयजन्य विशेषाधिकार दिए जा सकेंगे और ऐसे विशेषाधिकारों का प्रत्याहरण;

(झ) अध्येतावृत्तियों, छात्रवृत्तियां, अध्ययन वृत्तियां, प्रदर्शनियां, पदक और पारितोषिक संस्थित करना; और

(ञ) अन्य समस्त विषय जो इस अधिनियम के अनुसार परिनियमों द्वारा उपबन्धित किए जाने हैं या किए जा सकते हैं।

43. परिनियमों का बनाया जाना.––(1) प्रथम परिनियम राज्य सरकार द्वारा बनाए जाएंगे और उसकी एक प्रति हिमाचल प्रदेश विधान सभा के समक्ष रखी जाएगी।

(2) कार्यकारी परिषद् समय–समय पर नए या अतिरिक्त परिनियम बना सकेगी या इसके पश्चात्, इस धारा में उपबन्धित रीति में, परिनियमों का संशोधन या निरसन कर सकेगीः

परन्तु कार्यकारी परिषद् किसी ऐसे परिनियम या परिनियम का संशोधन जो विश्वविद्यालय के किसी विद्यमान प्राधिकारी की प्रास्थिति, शक्तियों या गठन पर प्रभाव डालने वाला हो तब तक नहीं बना / कर सकेगी, जब तक कि ऐसे प्राधिकारी को प्रस्ताव पर राय अभिव्यक्त करने का अवसर न दे दिया गया हो और इस प्रकार अभिव्यक्त राय लिखित रूप में होगी और उस पर कार्यकारी परिषद् द्वारा विचार किया जाएगा।

(3) प्रत्येक परिनियम या परिनियमों के अभिवर्धन या संशोधन या निरसन के लिए, कुलाधिपति का अनुमोदन अपेक्षित होगा जो उस पर अपनी अनुमति दे सकेगा या अनुमति रोक सकेगा या उसे अपने सुझावों सहित कार्यकारी परिषद् के पुनः विचारार्थ वापस भेज सकेगा। यदि कार्यकारी परिषद् इसे उसी प्ररूप और रीति में दोबारा पारित कर दे और यदि कुलाधिपति का समाधान हो जाता है कि यह विश्वविद्यालय के हित में नहीं है तो वह ऐसे परिनियम, संशोधन या निरसन को नामंजूर कर सकेगा।

(4) नए परिनियम या विद्यमान परिनियम को संशोधन या निरसित करने वाले परिनियम की तब तक कोई विधिमान्यता नहीं होगी जब तक कि उसे कुलाधिपति द्वारा अनुमोदित नहीं कर दिया जाता।

44. अध्यादेश.––(1) इस अधिनियम और परिनियमों के उपबन्धों के अध्यधीन, अध्यादेश निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपबन्ध कर सकेगा, अर्थात्:–

(क) छात्रों को प्रवेश अध्ययन के पाठ्यक्रम और उसके लिए फीसें, उपाधियों, डिप्लोमों, प्रमाण–पत्रों और अन्य शैक्षणिक पदकों से सम्बद्ध अर्हताएं, अध्येयतावृत्ति, छात्रवृत्ति, पुरस्कार इत्यादि प्रदान करने हेतु शर्तें;

(ख) परीक्षाओं का संचालन, जिसके अन्तर्गत परीक्षकों की पदावधि और नियुक्ति भी है और छात्रों के निवास की दशाएं और उनका सम्यक् अनुशासन;

(ग) विश्वविद्यालय द्वारा पोषित महाविद्यालयों और संस्थानों का प्रबन्ध;

(घ) धार्मिक शिक्षा देना;

(ङ) विश्वविद्यालय के शिक्षकों की उपलब्धियां और उनकी सेवा–शर्तें तथा निबन्धन;

(च) विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार प्राप्त महाविद्यालयों और अन्य संस्थाओं का पर्यवेक्षण और निरीक्षण; और

(छ) कोई अन्य विषय, जिसका इस अधिनियम या परिनियमों के अनुसार अध्यादेशों द्वारा उपबन्ध किया जाना है या किया जा सकेगा।

(2) प्रथम अध्यादेश राज्य सरकार द्वारा बनाए जाएंगे और इस प्रकार बनाए गए अध्यादेशों का कार्यकारी परिषद् द्वारा किसी भी समय, परिनियमों द्वारा विहित रीति से, संशोधन, निरसन या उसमें अभिवर्धन किया जा सकेगा।

(3) उपधारा (2) के अधीन अध्यादेश या संशोधन या निरसन तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि कुलाधिपति राज्य सरकार के परामर्श से उस पर अनुमति न दे दें।

45. विनियम.––(1) कार्यकारी परिषद्, कुलाधिपति की मंजूरी से विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सभी विषयों पर, इस अधिनियम, परिनियमों, और अध्यादेशों से संगत विनियम बना सकेगी।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे विनियम विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों के सम्बन्ध में निम्नलिखित उपबन्ध कर सकेंगे,–

(क) उनकी बैठकों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और गणपूर्ति के लिए अपेक्षित सदस्यों की संख्या नियत करना;

(ख) उन सभी विषयों के लिए उपबन्ध करना जो इस अधिनियम, परिनियमों, या अध्यादेशों के अनुसार विनियमों द्वारा उपबन्धित किए जाने हैं;

(ग) अन्य सभी ऐसे विषयों का उपबन्ध करना, जो ऐसे प्राधिकरण के बारे में जो इस अधिनियम, परिनियमों, और अध्यादेशों द्वारा उपबन्धित नहीं किए गए हों; और

(घ) बैठक की तारीख और वहां संव्यवहारित कार्य का उनके सदस्यों को नोटिस देना और ऐसी बैठक की कार्यवाहियों का अभिलेख रखना।

46. आकस्मिक रिक्तियां.––विश्वविद्यालय के किसी प्रधिकरण या अन्य निकाय के (पदेन सदस्यों से भिन्न) सदस्यों की सभी रिक्तियां यथाशीघ्र सुविधानुसार ऐसे व्यक्ति या निकाय द्वारा भरी जाएंगी जिससे उस सदस्य को, जिसका स्थान रिक्त हुआ है नियुक्त या निर्वाचित किया था और आकस्मिक रिक्ति में नियुक्त या निर्वाचित व्यक्ति ऐसे प्राधिकरण या निकाय का सदस्य उस अवशेष अवधि के लिए होगा, जिसके दौरान वह व्यक्ति जिसका पद (स्थान) वह भरता है, सदस्य रहता।

47. रिक्तियों से विश्वविद्यालय, प्राधिकरणों और निकायों की कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना.––विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या अन्य निकाय की कोई कार्यवाही उसके सदस्यों में कोई रिक्ति या रिक्तियां होने का कारण अविधिमान्य नहीं होगी।

48. सदस्यता से हटाया जाना और उपाधियों और डिप्लोमों आदि वापस लिया जाना.––कुलाधिपति, कार्यकारी परिषद् के कम से कम दो–तिहाई सदस्यों की सिफारिश पर, किसी व्यक्ति को जो किसी ऐसे

अपराध से सिद्धदोष हो, जो कार्यकारी परिषद् के विचार में नैतिक अधमता से अन्तर्वलित हो या जो कलंकात्मक आचरण का दोषी हो या जिसने ऐसे आचरण किया हो जो ऐसे प्राधिकरण या निकाय के सदस्य के लिए अशोभनीय हो, विश्वविद्यालय के प्राधिकरण या निकाय की सदस्यता से हटा सकेगा और उपर्युक्त किसी भी आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त दी गई किसी उपाधि, डिप्लोमा या प्रमाणपत्र को किसी व्यक्ति से वापस ले सकेगाः

परन्तु इस धारा के अधीन कोई कार्रवाई करने से पूर्व सम्बन्धित सदस्य या व्यक्ति को प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध अभ्यावेदन करने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाएगा।

49. विवाद.——यदि कोई प्रश्न उन्पन्न होता है कि क्या कोई व्यक्ति विश्वविद्यालय के प्राधिकरण या अन्य निकाय के सदस्य के रूप में सम्यक् रूप से नियुक्त किया है या चुना गया है या उसका सदस्य बनने का हकदार है तो ऐसा मामला कुलाधिपति को निर्दिष्ट किया जाएगा जिसका उस पर निर्णय अन्तिम होगा।

50. संक्रमणकालीन शक्तियां.——इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, कार्यकारी परिषद् और विद्या परिषद् के प्रथम सदस्य, कुलाधिपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाएंगे और वे, जैसा कि परिनियमों में प्रत्येक मामले में उपबंधित किया जाए, तीन वर्ष से अनधिक अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

51. अस्थायी उपबन्ध.——इस अधिनियम या परिनियमों या अध्यादेशों में किसी बात के होते हुए भी, किसी छात्र, जो इस अधिनियम के प्रारम्भ से ठीक पूर्व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय या सरदार पटेल क्लस्टर विश्वविद्यालय की किसी उपाधि (डिग्री) के लिए अध्ययन कर रहा था, को उपाधि के लिए उसका पाठ्यक्रम (कोर्स), डिप्लोमा या प्रमाणपत्र पूर्ण करना अनुज्ञात किया जाएगा और, यथास्थिति, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी हिमाचल प्रदेश या महाविद्यालय, यथास्थिति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सरदार वल्लभभाई पटेल क्लस्टर विश्वविद्यालय मण्डी, हिमाचल प्रदेश के अध्ययन के प्रास्पेक्टस के अनुसार ऐसे छात्र की शिक्षण की व्यवस्था करेगा और उसे सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी, हिमाचल प्रदेश से सम्बन्धित परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

52. कठिनाइयों को दूर करना.——यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावी करने के लिए कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित आदेश द्वारा ऐसे उपबन्ध कर सकेगी जो इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत न हों, और जो कठिनाइयों का निराकरण करने के प्रयोजन के लिए इसे आवश्यक प्रतीत होः

परन्तु ऐसा कोई आदेश इस अधिनियम के प्रारम्भ होने से दो वर्ष के अवसान के पश्चात् नहीं किया जाएगा।

53. प्रकीर्ण.——(1) यदि विश्वविद्यालय की सभा, कार्यकारी परिषद् और विद्या परिषद् या किसी निकाय या समिति का निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट सदस्य किसी कारण से विद्यार्थी, शिक्षक या कर्मचारी नहीं रहता है, जिस हैसियत में वह निर्वाचित / नामनिर्दिष्ट हुआ था, सदस्य नहीं रहेगा और उसका पद रिक्त हो जाएगा।

(2) यदि कोई व्यक्ति, जो किसी अन्य निकाय, चाहे वह विश्वविद्यालय का हो या नहीं के प्रतिनिधि के रूप में किसी विश्वविद्यालय के किसी प्रधिकरण का सदस्य है या कोई व्यक्ति जो उसके द्वारा धारित पद के आधार पर विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण का सदस्य बन जाता है यदि उसकी सदस्यता की अवधि के अवसान से पूर्व वह उस अन्य निकाय का सदस्य नहीं रहता है या वह ऐसा पद धारण नहीं करता है जिसके आधार पर वह नामनिर्दिष्ट, नियुक्त या निर्वाचित हुआ था, वह ऐसे प्राधिकरण का सदस्य नहीं रहेगा और उसका पद रिक्त हो जाएगा।

54. विश्वविद्यालय के किसी निकाय के गठन और कृत्यों में त्रुटि होने मात्र से कार्यवाही का अविधिमान्य न होना.——यदि किसी कारणवश विश्वविद्यालय की सभा, विद्यापरिषद् या अन्य निकाय का गठन नहीं किया गया हो तो कार्यकारी परिषद् के लिए उन निकायों या प्राधिकरण जिनका गठन नहीं हुआ है, के कर्तव्य का निर्वहन करना विधिपूर्ण होगा और विश्वविद्यालय द्वारा की गई कोई भी कार्यवाही इसके किसी निकाय के कृत्यों में केवल कतिपय त्रुटि या प्रक्रियात्मक अनियमितता के कारण, अविधिमान्य नहीं होगी।

55. निरसन और व्यावृत्तियां.––(1) सरदार वल्लभ भाई पटेल क्लस्टर विश्वविद्यालय मण्डी, हिमाचल प्रदेश (स्थापना और विनियमन) अधिनियम, 2018 (2018 का अधिनियम संख्यांक 6) का एतद्द्वारा निरसन किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, उक्त अधिनियम के अधीन की गई कोई बात या कार्रवाई इस अधिनियम के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन की गई समझी जाएगी मानो कि, की गई किसी बात या की गई ऐसी कार्रवाई के दिन अधिनियम प्रवृत्त था।

————————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

THE SARDAR PATEL UNIVERSITY MANDI, HIMACHAL PRADESH (ESTABLISHMENT AND REGULATION) ACT, 2021

ARRANGEMENT OF SECTIONS

Sections :

1. Short title and commencement.

2. Definitions.

3. Establishment and incorporation of the University.

4. University open to all classes, castes and creeds.

5. Objects.

6. Powers.

7. Jurisdiction of the University.

8. Transfer of assets and liabilities and of employees of the Sardar Valbhbhai Patel Cluster University.

9. Transfer of assets, libailities and of employees of certain institutions of the Himachal Pradesh University.

10. Visitation.

11. Power of the Chancellor to annual proceedings or decisions of the University and its bodies.

12. Power of State Government to enquire.

13. Officers of the University.

14. The Chancellor.

15. Appointment of the Vice-Chancellor.

16. Emoluments and other terms and conditions of service of the Vice -Chancellor.
17. Arrangement of work during vacancy in the office of the Vice-Chancellor.
18. Powers and duties of the Vice-Chancellor.
19. Pro-Vice-Chancellor.
20. Powers and duties of the Pro-Vice-Chancellor.
21. Dean of Faculty.
22. Registrar.
23. Controller of Examination.
24. Finance Officer.
25. Powers and duties of other officers.
26. Authorities of the University.
27. The Court.
28. Powers and functions of the Court.
29. Executive Council.
30. Academic Council.
31. Faculities.
32. Finance Committee.
33. Annual Accounts.
34. Distance Education or Correspondence Courses.
35. Autonomous College.
36. Conditions for affiliation.
37. Examination and admission.
38. Selection Committee.
39. Contract of appointment.
40. Pension, insurance and provident fund.
41. Annual report.
42. Statutes.

43. Making of Statutes.

44. Ordinances.

45. Regulations.

46. Casual vacancies.

47. Proceedings of the University authorities and bodies not invalidated by vacancies.

48. Removal from membership and withdrawal of degrees and diplomas etc.

49. Disputes.

50. Transitional powers.

51. Transitory provision.

52. Removal of difficulties.

53. Miscellaneous.

54. Action not to be invalid merely in view of a defect in constitution and functioning of any body of the University.

55. Repeal and savings.

Act No. 3 of 2022

THE SARDAR PATEL UNIVERSITY MANDI, HIMACHAL PRADESH (ESTABLISHMENT AND REGULATION) ACT, 2021

(AS ASSENTED TO BY THE GOVERNOR ON DATED 5TH FEBRUARY, 2022)

AN

ACT

to establish and incorporate a University in the State of Himachal Pradesh to be known as "The Sardar Patel University Mandi, Himachal Pradesh" for the purpose of affiliating, teaching and ensuring proper and systematic instructions, training and research in the Higher Education system.

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Seventy-second year of the Republic of India as follows:—

1. Short title and commencement.—(1) This Act may be called the Sardar Patel University Mandi, Himachal Pradesh (Establishment and Regulation) Act, 2021.

(2) It shall come into force on such date as the State Government may by notification in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh, appoint.

2. Definitions.—In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) "Academic Council" means the Academic Council of the University constituted under section 30;

(b) "Autonomous College" means the college, department or units, as the case may be, declared as an Autonomous College by the University in accordance with the provisions of section 35;

(c) "college" means an institution maintained or admitted to its privileges by the University;

(d) "Court" means the Court of the University;

(e) "Executive Council" means the Executive Council of the University;

(f) "Faculty" means a Faculty consisting of an allied group of subjects constituted by the Executive Council;

(g) "hall or hostel" means a unit of residence for the students of the University, provided, maintained or recognized by it;

(h) "Management" means the Managing Committee or the Managing Board by whatever name it may be called managing a privately run college affiliated to the University;

(i) "notification" means a notification published in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh;

(j) "prescribed" means prescribed by the Statutes, Ordinances or Regulations made under this Act;

(k) "Principal" means the head of a college and includes, when there is no Principal, the person for the time being duly appointed to act as Principal, and in the absence of the Principal or the acting Principal, a Vice-Principal appointed as such;

(l) "Registered Graduates" means graduates registered under the provisions of the Statutes;

(m) "State Government" or "Government" means the Government of Himachal Pradesh;

(n) "Statutes", "Ordinances" and "Regulations" means the Statutes, Ordinances and Regulations respectively of the University made under this Act and for the time being in force;

(o) "teacher" means teacher of the University who has been appointed or recognized by the Academic Council as Professor, Associate Professor or Assistant Professor and shall include Professor, Associate Professor, Assistant Professor or an officer appointed to man research and extension education; and

(p) "University" means the Sardar Patel University Mandi, Himachal Pradesh constituted under sub section (1) of section 3.

3. Establishment and in corporation of the University.—(1) There shall be constituted in the State of Himachal Pradesh, a University by the name of "The Sardar Patel University Mandi, Himachal Pradesh".

(2) The first Chancellor, the first Vice-Chancellor of the University and the first members of the Court, the Executive Council and the Academic Council and all persons who may hereafter become such officers or members so long as they continue to hold such office or membership are hereby constituted a body corporate by the name of "Sardar Patel University Mandi, Himachal Pradesh" with headquarters at Mandi, Himachal Pradesh.

(3) The University shall have perpetual succession and a common seal and shall by the said name sue or be sued.

4. University open to all classes, castes and creeds.—The University shall be open to all persons of either sex and of whatever race, creed, caste or class, and it shall not be lawful for the University to adopt or impose on any person any test whatsoever of religious belief or profession in order to entitle him to be admitted thereto, as a teacher or a student, or to hold any office therein, or to graduate there at, or to enjoy or exercise any privilege thereof except in respect of any particular benefacation accepted by the University, where such test is made a condition thereof by any testamentary or other instrument creating such benefacation:

Provided that nothing in this section shall be deemed to prevent religious instructions being given in the manner prescribed in the Ordinances to those who have consented to receive it.

5. Objects.—The objects of the University shall be to disseminate and advance knowledge, wisdom and understanding by teaching and research and by the example and influence of its corporate life and towards this end the University shall,—

(a) advance learning and knowledge by teaching and research and by extension programmes so as to enable a student to obtain advantages of University education;

(b) provide the right kind of leadership in all walks of life;

(c) promote in the students and teachers an awareness and understanding of the social needs of the country and prepare them for fulfilling such needs;

(d) take appropriate measures for promoting inter-disciplinary studies in the University;

(e) foster the composite culture of India and establish such departments or institutions as may be required for the study and development of the languages, arts and culture of India; and

(f) make such provision for integrated courses in Humanities, Science and Technology in the educational programmes of the University.

6. Powers.—The University shall have the following powers, namely:—

(a) to provide for instructions including the method of correspondence courses in such branches of learning as the University may, from time to time, determine, and to make provision for research and for the advancement and dissemination of knowledge and for extension education;

(b) to organise and to undertake extra-mural teaching and extension services;

(c) to admit to the privileges of the University, colleges situated within the area of jurisdiction of the Univerisity and to withdraw any such privilege and to prescribe conditions therefore;

(d) to hold examinations and grant diplomas and certificates to and confer degrees and other academic distinctions on, persons and to withdraw any such diplomas, certificates, degrees or other academic distinctions for good and sufficient cause;

(e) to confer honorary degrees or other academic distinctions;

(f) to create such teaching, administrative and other posts as the University may deem necessary, from time to time, and to make appointments thereto;

(g) to institute and award Fellowships, Scholarships, Studentships, Exhibitions and Prizes;

(h) to establish and maintain colleges, halls and hostels, to recognise, guide, supervise and control halls and hostels not maintained by the University and other accommodations for the residence of the students, and to withdraw any such recognition;

(i) to regulate and enforce discipline among students and employees of the University and to take such disciplinary measures as may be deemed necessary;

(j) to make arrangements for promoting health and general welfare of the students and the employees of the University and of the colleges;

(k) to determine and provide for examinations for admission in the University;

(l) to recognise for any purpose, either in whole or in part, any institution or members or students thereof on such terms and conditions as may, from time to time, be prescribed and to withdraw such recognition;

(m) to co-operate with any other University, authority or association or any public or private body having in view the promotion of purposes and objects similar to those of the University for such purposes as may be agreed upon, on such terms and conditions as may, from time to time, be prescribed;

(n) to enter into any agreement for the incorporation in the University of any institution and for taking over its rights, properties and liabilities and for any other purpose not repugnant to this Act;

(o) to demand and receive payment of such fees and other charges as may be prescribed form time to time;

(p) to receive donations and grants and to acquire, hold, manage and dispose of any property, movable or immovable, including trust or endowed property within or outside Himachal Pradesh for the purposes and objects of the University, and to invest funds in such manner as the University thinks fit;

(q) to make provisions for research and advisory services and for that purpose to enter into such arrangements with other institutions or bodies as the University may deem necessary;

(r) to provide for the printing, reproduction and publication of research and other work, including text books, which may be issued by the University;

(s) to borrow, with the approval of the State Government, on the security of the University property, money for the purposes of the University;

(t) to accord recognition to institutions and examinations for admission into the University; and

(u) to do all such things as may be necessary, incidental or conducive to the attainment of all or any of the objects of the University.

7. Jurisdiction of the University.—(1) Save as otherwise provided by or under this Act, the powers conferred on the University shall be exercisable in the areas as notified by the State Government.

(2) Notwithstanding anything contained in any other law for the time being in force, no educational institution situated within the territorial limits of the University shall be admitted to any privilege of any other University, incorporated by law in India, and any such privilege granted by any such other University to any such educational institution prior to the commencement of this Act, shall unless otherwise directed by the State Government be deemed to be withdrawn on the commencement of this Act, and any such institution shall be deemed to be admitted to the privileges of the University.

(3) Where any institution or body established outside Himachal Pradesh seeks recognition from the University, then the powers and jurisdiction of the University shall extend to such institution or body subject to the laws in force in the State within which, and the rules and regulations of the University within whose jurisdiction, the said institution or body is situated.

8. Transfer of assets, liabilities and of employees of the Sardar Vallabhbhai Patel Cluster University.—On the commencement of this Act, the assets and liabilities of the Sardar Vallabhbhai Patel Cluster University, Mandi, Himachal Pradesh shall stand transferred to and shall vest in the University. All officers and other employees of the Sardar Vallabhbhai Patel Cluster University holding office as such immediately before the commencement of this Act, shall, on such commencement become the officers and other employees of the University:

Provided that the existing rights and service conditions of such employees shall be protected:

Provided further that any service rendered by any such officer or other employee before such transfer of his service to the University shall be deemed to be service rendered in connection with the administration of the University:

Provided further that in the event of any dispute or difficulty in the matter of implementation of the provisions of this section, the matter shall be referred to the State Government, whose decision shall be final.

9. Transfer of assets, liabilities and of employees of certain institutions of the Himachal Pradesh University.—On the commencement of this Act, the assets and liabilities of

education institutions of Himachal Pradesh University that fall under the jurisdiction of the Sardar Patel University Mandi, Himachal Pradesh shall stand transferred to and shall vest in the University, in accordance with the terms and conditions mutually agreed to between the Sardar Patel University Mandi and the Himachal Pradesh University, Shimla. All officers and other employees of these institutions holding office as such immediately before the commencement of this Act, shall, on such commencement become the officers and other employees of the University:

Provided that,—

(a) such officers and employees of the above mentioned institutions shall be allowed to exercise an option whether or not they wish their services to be taken over by the University;

(b) the existing rights and service conditions of such employees who opt for service in the University shall be protected; and

(c) any service rendered by any such officer or other employee before such transfer of his service to the University shall be deemed to be service rendered in connection with the administration of the University, on the condition that their leave, pension, provident fund and gratuity contribution in respect of the service rendered by them to the Himachal Pradesh University, shall be reimbursed to the University by the Himachal Pradesh University:

Provided that in the event of any dispute or difficulty in the matter of implementation of the provisions of this section the matter shall be referred to the State Government, whose decision shall be final.

10. Visitation.—(1) The Chancellor shall have the right to cause an inspection to be made by such person or persons as he may direct, of the University, or any institution maintained by the University, or of a college, including the buildings, laboratories, record and equipment thereof and also of the examinations, teaching and other work conducted or done by it, or to cause an inquiry to be made in a like manner in respect of any matter connected with the administration and finances of the University, or the institution maintained by it.

(2) The Chancellor shall, in every case, give notice of his intention to cause an inspection or an inquiry to be made, to the University in the case of the University or an institution maintained by it, or the Management in the case of a college, and the University or the Management of the college, as the case may be, shall be entitled to appoint a representative, who shall have the right to be present and be heard at such inspection or inquiry.

(3) In case of inspection or inquiry relating to the University or an institution maintained by it, the Chancellor may communicate to the Vice-Chancellor the result of such inspection or inquiry together with his views thereon and advice regarding the action to be taken, and the Vice-Chancellor shall place the same before the Executive Council.

(4) In case of inspection or inquiry relating to a college or institution, the Chancellor may communicate to the Management of such college or institution the result of such inspection or inquiry together with his views thereon and advice regarding the action to be taken.

(5) The Vice-Chancellor or the Management, as the case may be, shall communicate to the Chancellor the action, if any, taken or proposed to be taken upon the result of such inspection or inquiry.

(6) Where the Executive Council or the Management of the college or institution, as the case may be, does not take action to the satisfaction of the Chancellor, the Chancellor may, after considering any explanation furnished or representation made by the Executive Council or the Management of the college or institution, as the case may be, issue such direction as he may deem fit and the University or the Management of the college or institution shall comply with such directions.

11. Power of the Chancellor to annul proceedings or decisions of the University and its bodies.—Without prejudice to the foregoing provisions of this section, the Chancellor may, by order in writing, annul proceedings of the University or of its any authority or the decision of any officer of the University, which is not in conformity with this Act or the Statutes or the Ordinances made thereunder:

Provided that before making such order, the Chancellor shall call upon the University, or as the case may, be its authority or the officer, to show cause why such an order should not be made and if any cause is shown within the period specified by him in this behalf, shall consider the same.

12. Power of State Government to enquire.—The State Government may, cause an enquiry to be made by any of its officers or agency, as it may direct on any matters connected with the administration and finances of the University or a institution maintained by it and the report of such enquiry shall be sent to the State Government and the State Government after examining the same, shall forward the report to the Chancellor and may also recommend any action including removal of Vice-Chancellor or the Pro-Vice-Chancellor, as the case may be, if in its opinion there exist such circumstances as are contained in sub-section (5) of section 15 of this Act and the Chancellor may take action accordingly:

Provided that before taking such action, the Chancellor shall afford reasonable opportunity of being heard to the Vice-Chancellor or Pro-Vice-Chancellor, as the case may be.

13. Officers of the University.—The following shall be the officers of the University:—

(i) the Chancellor;

(ii) the Vice-Chancellor;

(iii) the Pro-Vice-Chancellor;

(iv) the Dean of Faculties;

(v) the Registrar;

(vi) the Controller of Examinations;

(vii) the Finance Officer; and

(viii) such other persons in the service of the University as may be declared by the Statutes to be the officers of the University.

14. The Chancellor.—(1) The Governor of Himachal Pradesh shall be the Chancellor of the University.

(2) The Chancellor shall, by virtue of his office, be the head of the University and the President of the Court and shall when present, preside over the meetings of Court and at any convocation of the University.

(3) The Chancellor shall have such powers as may be conferred on him by or under this Act.

15. Appointment of the Vice-Chancellor.—(1) The Vice-Chancellor shall be appointed by the Chancellor in consultation with the State Government.

(2) The Vice-Chancellor shall be a whole time salaried officer of the University.

